हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## पानी, सासर के लिए अब तक 13 करोड़ रुपए खर्च, पर लू ने बिगाड़ा सिस्टम





# इस गर्मी वनप्राणियों की प्यास बुझाने 13 करोड़ खर्च फिर भी प्यासे, दो तेंदुए, नीलगाय और चीतल की मौत

### कोर एरिया में कितने मरे, जानकारी नहीं

*जंगल से सटे गांव के आसपास तथा सामान्य वनक्षेत्र में वन्यजीवों की मौत होने पर इसकी जानकारी वन अफसरों को तत्काल मिल जाती है। कोर एरिया में मौत होने पर तत्काल जानकारी नहीं मिल पाती।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

इस गर्मी जंगलों में वन्यप्राणियों की प्यास बुझाने के लिए वन विभाग ने सासर और पानी के इंतजाम पर तकरीबन 13 करोड़ रुपए खर्च कर दिए, पर गर्मी इतनी तेज रही कि डिहाईड्रेशन से दो तेंदुए ने दम तोड़ दिया। एक नीलगाय और एक चीतल भी मारा गया। बताया जा रहा है कि सूखे सासर को लबालब करने टैंकर चलाए गए, पर इंतजाम नाकाफी रहे। गौरतलब है की प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। तापमान में वृद्धि होने के तीन माह पूर्व फरवरी-मार्च ▶▶|शेष पेज 4 पर

### जंगल में हीट वेव का दोहरा असर

तेज गर्मी पड़ने की वजह से जंगल में इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में आगजनी की घटना ज्यादा हुई है। पिछले वर्ष जंगल में पूरे वर्ष जहां 13 हजार 96 आगजनी की घटना हुई थी, इस बार जंगल में 30 मई की स्थिति में 14 हजार 584 आगजनी की घटना घटित हो चुकी है। जंगल में आग लगने की स्थिति में वन्यजीव सुरक्षित ठिकाने की तलाश में जंगल से रहवासी क्षेत्र में निकल करआते हैं। इसके कारण शिकार की तलाश में घात लगाए बैठे शिकारी वन्यजीवों का शिकार करते हैं।




# गर्मी का प्रचंड प्रहार, 24 घंटे में रायपुर और बिलासपुर संभाग में 8 की मौत

## चौबीस घंटे में सुधार की गुंजाइश नहीं उसके बाद तापमान में आएगी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवतपा के दूसरे दिन से कड़े तेवर दिखा रही गर्मी अब जानलेवा साबित होने लगी है। पिछले पांच दिन से बन रहे लू के हालात की वजह से लोगों की सेहत बिगड़ रही और लोग जान भी गंवा रहे हैं। राजधानी रायपुर में लू की वजह से दो और लोगों की मौत होने की खबर है। बिलासपुर संभाग में प्रचंड लू ने 24 घंटे में 6 की जान ले ली। विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी के प्रकोप से अगले चौबीस घंटे में किसी तरह की राहत की गुंजाइश नहीं है। उत्तर-पश्चिम से आने वाली शुष्क हवा के प्रभाव से छत्तीसगढ़ का उत्तरी और मध्य इलाका भारी गर्मी की चपेट में है। इन इलाकों का तापमान ▶▶|शेष पेज 4 पर



### दो दिन से तबीयत खराब

*राजधानी के राजेन्द्र नगर में रहने वाली करीब 65 वर्षीय मैरी मारियाना की तबीयत दो दिन से खराब थी। आज दोपहर वह अचानक बेसुध हो गई। महिला का बेटा विनीत उसे लेकर इलाज के लिए आंबेडकर* ▶▶|शेष पेज 4 पर

### खत्म हो सकता है लू का प्रकोप

*मौसम विज्ञान केंद्र की विशेषज्ञ गायत्री कांचीभोथला के मुताबिक रविवार से राज्य में लू के प्रकोप से थोड़ी राहत मिल सकती है। हवा की दिशा में बदलाव होने से अरब सागर से नमी आने से बादल छाएंगे, जिससे बढ़ते तापमान में दो से तीन डिग्री* ▶▶|शेष पेज 4 पर

| प्रमुख शहरों का तापमान | |
|---|---|
| रायपुर | 46.4 |
| बिलासपुर | 46.8 |
| पेंड्रा | 43.8 |
| अंबिकापुर | 42.8 |
| जगदलपुर | 41.0 |
| दुर्ग | 46.2 |
| राजनांदगांव | 45.7 |



### चुनाव ड्यूटी पर लगे 6 होमगार्ड समेत 13 की मौत

*मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के लिए ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के 6 जवानों सहित 13 चुनावकर्मियों को तेज बुखार और हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। मृतकों में 7 होमगार्ड जवान, तीन सफाई कर्मचारी, सीएमओ कार्यालय में तैनात एक लिपिक, एक चकबंदी अधिकारी और होमगार्ड टीम का एक चपरासी शामिल है। इसके अलावा 20 होमगार्ड व 5 अन्य चुनाव कर्मियों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इधर पूरे देश में अब तक लू के कारण 270 से अधिक मौतें हो चुकी हैं।*

### बिलासपुर, रायगढ़ और मुंगेली में 6 ने दम तोड़ा



**बिलासपुर।** गर्मी बढ़ने के साथ ही लू लगने से पिछले 24 घंटे के भीतर बिलासपुर, रायगढ़ और मुंगेली जिले में 6 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से एक पीडब्ल्यूडी का मजदूर फेकूराम, सीपत निवासी युवती शैलकुमारी सूर्यवंशी, इसी प्रकार सरगांव निवासी एक अधेड़ महिला तथा जांजगीर जैजैपुर से 43 वर्षीय महिला को सिम्स में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मौत हो गई। डाक्टरों ने मौत का कारण हीट स्ट्रोक लिखा। रायगढ़ जिले के सरिया में एक पुरुष व एक महिला की मौत हो गई। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### सरिया में महिला-पुरुष की मौत

लू लगने की पहली घटना में सरिया निवासी सरिया निवासी सुरेश पाणिग्राही उर्फ पिंटू पाणिग्राही 45 वर्ष की दोपहर फैक्ट्री से काम कर लौटते समय रास्ते में लू लगने से मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में सरिया नगर के वार्ड ▶▶|शेष पेज 4 पर

### प्रज्वल को भेजा गया 7 दिन की न्यायिक हिरासत में



**बेंगलुरु।** पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते 33 वर्षीय प्रज्वल रेवन्ना को जर्मनी के म्यूनिख से लौटने के बाद गिरफ्तार किया गया था। एसआईटी ने अदालत में पेश किया, जिसने उन्हें सात दिन की पुलिस रिमांड में भेजने का आदेश दिया। ज्ञात हो कि कई महिलाओं के कथित यौन शोषण के वीडियो सामने आने के बाद प्रज्वल जर्मनी चले गए थे।









> मान्यता है कि गोड्डा संसदीय क्षेत्र में शिव का निवास स्थल कहे जाने वाले बाबाधाम देवघर में पूजा-अर्चना तब तक पूर्ण नहीं मानी जाती, जब तक वासुकीनाथ मंदिर के दर्शन न कर लें। झारखंड की सियासत में बीते चार दशकों से कुछ ऐसी ही स्थिति दुमका संसदीय क्षेत्र की भी है। झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन की कर्मस्थली दुमका एक अरसे से झारखंड की सियासी धुरी मानी जाती है।

## झारखंड के दुमका में रोचक हुई लड़ाई

# एक ओर पार्टी तो दूसरी ओर बहू, दांव पर लगी गुरुजी की प्रतिष्ठा

### शिबू सोरेन की कर्मस्थली दुमका एक अरसे से झारखंड की सियासी धुरी मानी जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उम्रदराज गुरुजी यानी शिबू सोरेन इस बार सियासी रण से बाहर हैं, लेकिन दुमका चर्चाओं में पहले से ज्यादा है। वजह है उनकी बड़ी बहू सीता सोरेन का भाजपा से उनके ही दल के खिलाफ चुनाव लड़ना। सीता अपना हक छीनने को मुद्दा बनाकर झामुमो पर हमला बोल रही हैं। जवाब में छोटी बहू कल्पना सोरेन अपने पति पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने को लेकर भाजपा को घेर रही हैं। दुमका ही नहीं, कोडरमा-हजारीबाग जैसी झामुमो की बड़ी दखल वाली हर सीट पर यह लड़ाई जारी है। यानी बिना दुमका के दखल के सियासी जंग आज भी कहीं पूरी नहीं हो रही। इन सियासी हालातों में गुरुजी की प्रतिष्ठा दोनों तरह से दांव पर है। एक ओर पार्टी है तो दूसरी ओर घर की बड़ी बहू।

### भाजपा के लिए भी बनी सियासी नाक की लड़ाई

औषधीय पौधों और लंबे बांसों के लिए मशहूर दुमका सोरेन परिवार के लिए ही नहीं, भाजपा के लिए भी सियासी नाक की लड़ाई बन गया है। 2019 में भाजपा के सुनील सोरेन ने दुमका से आठ बार के सांसद रहे शिबू सोरेन को हराकर बरसों पुराना किला ढहा दिया था। इस बार भाजपा ने सीता को प्रत्याशी बनाकर झामुमो (गठबंधन) के लिए सिर चकराने वाली चाल चल दी। सीता की बगावत के खिलाफ झामुमो ने परिवार से प्रत्याशी तो नहीं उतारा, मगर उनकी देवरानी कल्पना सोरेन को प्रचार की कमान सौंप दी है। देवरानी-जेठानी की जंग अब झारखंड भर में चर्चा का विषय है।



सीता सोरेन



नलिन सोरेन

**भाजपा का भीतरी बाहरी का मुद्दा**

भाजपा ने दुमका के स्थानीय प्रत्याशी सुनील सोरेन के हाथ से कमल का निशान लेकर सीता को थमाया है। सीता रामगढ़ (हजारीबाग) के नेमरा की रहने वाली हैं। चर्चा है कि झामुमो नेतृत्व ने दुमका के शिकारीपाड़ा से लगातार सात बार विधायक और स्थानीय प्रत्याशी नलिन सोरेन को मैदान में उतारकर एक तीर से दो निशाने किए हैं। एक तो भीतरी प्रत्याशी वाला दांव और दूसरा बड़ी बहू के खिलाफ परिवार से किसी को न उतारकर खुला विरोध से बचने का रास्ता भी। पिछले तीन चुनावों से भाजपा शिबू सोरेन को परास्त करने के लिए इसी अस्त्र का इस्तेमाल करती रही है और इसी के सहारे शिबू सोरेन को परास्त भी किया था। इस चुनाव में झामुमो भाजपा के खिलाफ बाहरी-भीतरी के पुराने मुद्दे को ही अस्त्र के तौर पर इस्तेमाल कर रही है।

### पहले चुनाव से अब तक रहा सोरेन का ही कब्जा

दुमका सीट पर पहली बार चुनाव 1952 में हुए और इसका ताज सजा कांग्रेस के पॉल जुझार सोरेन के सिर पर। तब से अब तक इस लोकसभा सीट पर हुए 19 मुकाबलों में 11 बार सोरेन बिरादरी का कब्जा ही रहा है। 1980 से यह सीट शिबू सोरेन के रंग में ऐसी रंगी कि अधिकतर उनके अजीज की ही रही। आज भी हालात कुछ ऐसे ही हैं। शिबू भले ही बीमार हैं और चुनाव नहीं लड़ पा रहे, मगर मुकाबले में एक ओर उनकी पार्टी के करीबी नलिन सोरेन, तो विरोधी खेमे भाजपा से उनकी पुत्रवधू सीता सोरेन मैदान में हैं। यानी जीते कोई भी, ताज किसी सोरेन के सिर पर ही सजेगा।

## पिछले दो लोकसभा चुनाव के नतीजे

**लोकसभा चुनाव 2019**

| उम्मीदवार | दल | मत% |
|---|---|---|
| सुनील सोरेन | भाजपा | 47.26 |
| शिबू सोरेन | झामुमो | 42.63 |

**लोकसभा चुनाव 2014**

| उम्मीदवार | दल | मत% |
|---|---|---|
| शिबू सोरेन | झामुमो | 37.19 |
| सुनील सोरेन | भाजपा | 32.86 |

दुमका व गोड्डा के साथ पूरे झारखंड में बीते दो चुनाव में भाजपा 14 में से क्रमशः 12 व 11 सीटें लेकर झामुमो और बाकी दलों पर हावी रही है।

## सोशल मीडिया

### राहुल प्रधानमंत्री पद के लिए मेरी पसंद : खड़गे



लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने को लेकर बड़ी बात कही है। खड़गे ने कहा कि इस आम चुनाव में इंडिया गठबंधन अगर भारतीय जनता पार्टी को हरा देता है तो नरेंद्र मोदी के बाद देश के प्रधानमंत्री राहुल गांधी बनेंगे। खड़गे ने कहा कि राहुल ने चुनाव से पहले दो 'भारत जोड़ो यात्रा'का नेतृत्व सहित चुनाव के दौरान बड़े स्तर पर प्रचार किया था। उन्होंने अक्सर अपने सहयोगियों के साथ मंच भी साझा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधे हमले किए। ऐसे में वो शीर्ष पद के लिए लोकप्रिय विकल्प हैं।

### 'चुनाव नतीजों तक बहकावे में मत आएं'



सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने अपने कार्यकर्ताओं को सावधान रहने के लिए संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा, चुनाव खत्म होते ही बीजेपी वाले अपनी 'मीडिया मंडली' से विभिन्न चैनलों पर ये कहलवाना शुरू करेंगे कि बीजेपी को लगभग 300 सीटों के आस-पास बढ़त मिली हुई है। ऐसा झूठ फैलाकर बीजेपी वाले मनोबल गिराना चाहते हैं, ताकि आप लोग मतगणना के दिन सावधान न रहें और इसका फ़ायदा उठाते हुए बीजेपी कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मिली भगत से काउंटिंग में धांधली कर सके।

**सपा, बसपा व अपना दल के दूसरे गुट ने की राजग प्रत्याशी की घेराबंदी**

# जातीय समीकरण के जंजाल में उलझी अनुप्रिया की हैट्रिक!

*लोकसभा चुनाव की अंतिम दौर की जंग में उत्तर प्रदेश की मिर्जापुर लोकसभा सीट एक दल का गढ़ नहीं मानी गई है, जहां एक जून को मतदान कराया जाएगा। इस सीट पर भाजपानीत राजग गठबंधन की ओर से अपना दल (सोनेलाल) की प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से चुनावी जंग में हैं। वहीं अनुप्रिया की हैट्रिक रोकने के लिए विपक्षी दलों ने जातीगत समीकरण के आधार पर मौजूदा सांसद रमेशचंद बिंद को अपना प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम वोटबैंक साधते हुए ब्राह्मण प्रत्याशी के रुप में मनीष त्रिपाठी को चुनाव मैदान में उतारा है। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल की मिर्जापुर लोकसभा सीट के दायरे में आने वाली पांचों विधानसभा सीटों पर राजग के विधायक काबिज हैं।*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

मिर्जापुर वही लोकसभा सीट है जहां से दो बार दस्यु फूलन देवी और एक बार ददुआ के भाई बाल कुमार पटेल ने चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचकर सभी राजनीतिक दलों को चौंकाया था। यह सीट इसलिए भी चर्चा रही है कि यहां से 2004 में बसपा को जीत दिलाने वाले सांसद नरेन्द्र कुशवाह को घूसकांड में अपनी सदस्यता गंवानी पड़ी थी। खास बात ये भी है कि 1984 में उमाकांत मिश्रा के बाद मिर्जापुर लोकसभा सीट से स्थानीय सांसद नहीं मिला है यानी पिछले करीब चार दशकों से यहां बाहरी प्रत्याशी ही चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंच रहे हैं।

## हॉटसीट मिर्जापुर

### इस सीट दो बार दस्यु फूलन देवी ने जीता है चुनाव



अनुप्रिया पटेल



रमेशचंद बिंद



मनीष त्रिपाठी

**ये है चुनावी इतिहास**

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल की मिर्जापुर लोकसभा सीट के दायरे में आने वाली पांच विधानसभा सीटों में चार सीटों पर राजग के विधायक काबिज है, जबकि एक सीट पर निषाद पार्टी का कब्जा है। अभी तक 17 लोकसभा के लिए हुए 20 चुनावों में कांग्रेस ने सात, सपा ने चार, भाजपा, अपना दल व बसपा ने दो-दो के अलावा भारतीय जनसंघ, जनता पार्टी व जनता दल ने एक-एक जीत दर्ज की है। पहले तीन चुनाव में यहां कांग्रेस के सांसद निर्वाचित हुए। साल 1967 के चुनाव में यहां भारतीय जनसंघ ने चुनाव जीता, लेकिन 1971 में फिर कांग्रेस के अजीज इमाम ने जीत दर्ज की। इंदिरा सरकार की विरोधी लहर में 1977 के चुनाव में यहां जनता पार्टी के फकीर आलम अंसारी जीतकर लोकसभा पहुंचे, लेकिन उसके बाद फिर अजीज इमाम और फिर उपचुनाव व आम चुनाव जीतकर उमाकांत मिश्रा ने यह सीट कांग्रेस की झोली में डाली। साल 1989 के चुनाव में जनता दल के यूसुफ बेग ने कांग्रेस के विजय रथ को ऐसा रोका कि उसके बाद यहां कांग्रेस को आज तक जीत नसीब नहीं हुई। साल 1991 के चुनाव में वीरेन्द्र सिंह ने चुनाव जीतकर पहली बार भाजपा को जीत दिलाई। इसके बाद साल 1996 के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने दस्यु फूलन देवी को प्रत्याशी बनाकर पहली जीत दर्ज की, लेकिन 1998 के चुनाव में भाजपा के वीरेन्द्र सिंह ने फूलन देवी को हराकर भाजपा के खाते में दूसरी जीत दर्ज की, लेकिन अगले ही चुनाव में फिर से यहां सपा की फूलन देवी जीत हासिल कर दूसरी बार लोकसभा पहुंची, लेकिन जुलाई 2001 में नई दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर कुछ लोगों ने उसकी हत्या कर दी और साल 2002 में इस सीट पर उपचुनाव में सपा के रामरति सिंह ने जीत दर्ज की। साल 2004 में इस सीट पर नरेन्द्र कुशवाह ने जीत दर्ज कर बसपा का खाता खोला और 2009 में भी रमेश दूबे ने जीत दर्ज कर यह सीट बसपा की झोली डाली। साल 2014 के चुनाव में यहां अपना दल की अनुप्रिया पटेल राजगगठबंधन में चुनाव जीती, जिसके बाद दो गुटों में बंटे इस दल के बावजूद अनुप्रिया पटेल ने साल 2019 का चुनाव भी 2.32 लाख के अंतर से जीती और अब तीसरी बार चुनाव मैदान में है।

### मतदाताओं का चक्रव्यूह

*यूपी की मिर्जापुर लोकसभा सीट पर दस प्रत्याशियों के सामने कुल 19,06,327 मतदाता हैं, जिसमें 9,99,442 पुरुष, 9,06,816महिला और 69 थर्डजेंडर मतदाता है। वहीं इस सीट पर 18-19 आयु वर्ग के 27,353 मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। जबकि यहां 15,168 दिव्यांग तथा 16,227 मतदाता 85 साल व उससे अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाता हैं। एक जून को इस सीट पर स्थापित किये गये 1352 मतदान केंद्रों के 2143 बूथों पर चुनाव होगा।*

### जातीय समीकरण

*मिर्जापुर लोकसभा सीट जब 2009 के चुनाव से भदोही से अलग हुई तो इसे कुर्मी बाहुल्य लोकसभा सीट के रुप में देखा जाता है। इसी लिए हर राजनीतिक दल यहां जातीय समीकरण के आधार अपने प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारता है। जहां तक इस सीट के जातीय समीकरण का सवाल है उसमें 1.50 लाख ब्राह्मण, 1.50 लाख बिंद (केवट), 1.50 लाख वैश्य, 90 हजार क्षत्रिय, 1.25 लाख कोल, 3. 50 लाख पटेल के अलावा ओबीसी व दलित करीब 3-3 लाख, एक लाख 50 हजार मौर्य कुशवाहा 1.50 व मुस्लिम 1.50 लाख और करीब एक लाख यादव मतदाता हैं।*

**भाजपा के लिए प्रचार का केंद्र हैं यहां द्रौपदी मुर्मू**

# राष्ट्रपति के होम टाउन मयूरभंज में है आमने-सामने की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ओडिशा की आदिवासी बहुल मयूरभंज लोकसभा सीट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम से जानी जाती है। राष्ट्रपति का होम टाउन होने के नाते, आम चुनावों में इस सीट पर बड़ा दांव लगाया जाता है। वर्तमान में यहां के सांसद भारतीय जनता पार्टी के बिश्वेश्वर टुडु हैं। राष्ट्रपति मुर्मू अपने गृह जिले मयूरभंज में भाजपा के लिए प्रचार का केंद्र हैं। भाजपा मुर्मू फैक्टर पर भारी भरोसा कर रही है। मुर्मू संथाल जनजाति से हैं जिनकी पड़ोसी राज्य झारखंड के साथ-साथ ओडिशा के मयूरभंज और क्योंझर जिलों में प्रमुख उपस्थिति है।

**भाजपा ने नबा चरण माझी, तो बीजद ने उतारा है सुदाम मारंडी को**





### कौन-कौन है मयूरभंज के चुनावी मैदान में?

बीजद ने सुदाम मारंडी को मयूरभंज से उतारा है। वहीं, भाजपा ने मुर्मू के विश्वासपात्र नबा चरण माझी को मैदान में उतारा है, जो रायरंगपुर के मौजूदा विधायक हैं। रायरंगपुर सीट का राष्ट्रपति मुर्मू ने 2009 तक दो बार प्रतिनिधित्व किया था। जेएमएम संस्थापक सिबू सोरेन की बेटी अंजलि सोरेन, जो 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ी थीं इंडिया गठबंधन से उम्मीदवार हैं। मयूरभंज अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है। बारिपदा शहर के एक टैक्सी चालक फकीरा ने कहा, शिबू सोरेन की बेटी ने भी पिछली बार चुनाव लड़ा था लेकिन छाप नहीं छोड़ पाईं। झामुमो, जिसकी कभी मयूरभंज में मजबूत उपस्थिति थी, 2014 के चुनावों से पहले सुदाम मरांडी के पार्टी से बाहर होने के बाद अब बहुत कमजोर हो गई है।"

### बीजेडी का गेम प्लान?

बीजद ने 2019 की हार के बाद मयूरभंज में स्ट्रक्चरल सुधार करना शुरू कर दिया था। पार्टी ने अपने संगठनात्मक सचिव प्रणब प्रकाश दास को मयूरभंज पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया। दास ने पार्टी को जिले में फिर से जमीन हासिल करने में मदद की, जो 2022 के पंचायत चुनावों में स्पष्ट हुआ जब बीजद ने जिला परिषद का गठन किया। पार्टी आदिवासियों के लिए पटनायक सरकार की कल्याणकारी पहल पर भरोसा कर रही है। बीजेडी द्रौपदी मुर्मू के नाम को भी भुना रही है। 24 मई को मयूरभंज में एक चुनावी रैली में, सीएम पटनायक ने राष्ट्रपति मुर्मू को अपनी भौनी (बहन) बताया और कहा कि बीजद उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करता है।

### राजनीतिक जीवन की शुरुआत

राष्ट्रपति मुर्मू ने 1997 में मयूरभंज में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी और रायरंगपुर अधिसूचित क्षेत्र परिषद (नगर पंचायत) से पार्षद के रूप में चुनी गईं। उन्होंने परिषद की उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। द्रौपदी मुर्मू पहली बार 2000 में विधानसभा के लिए चुनी गईं और उन्होंने नवीन पटनायक सरकार में मंत्री के रूप में काम किया। उनके पास वाणिज्य और परिवहन, और मत्स्य पालन और पशु संसाधन विकास जैसे विभाग थे। 2004 के चुनावों में उन्होंने अपनी सीट बरकरार रखी। भाजपा ने पहली बार 1998 में मयूरभंज सीट जीती और फिर 1999 में भी भाजपा ने यहां जीत का परचम लहराया। 2004 में, सुदाम मारंडी जो अब बीजेडी में हैं, ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के टिकट पर यहां विजय पताका लहराई थी। 2019 में भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री बिश्वेश्वर टुडू ने यह सीट जीती थी। अपने प्रदर्शन को दोहराने और सत्ता विरोधी लहर की चुनौती का सामना करने के लिए इस बार भाजपा ने टुडू को हटा दिया है और रायरंगपुर के मौजूदा विधायक नबा चरण माझी को मैदान में उतारा है।

### मयूरभंज पर है बीजेडी का फोकस

मयूरभंज में बीजेडी ने अपने चुनावी अभियान के लिए अपने कई वरिष्ठ नेताओं को मयूरभंज के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में तैनात किया है। पार्टी उम्मीदवार सुदाम मारंडी बांगिरिपोसी से पांच बार विधायक हैं। अपना गढ़ बरकरार रखने के लिए मारंडी की पत्नी रंजीता विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं।

**पिछले चुनाव का परिणाम :** पिछले आम चुनाव में मयूरभंज में बीजेपी उम्मीदवार बिश्वेश्वर टुडू ने कड़े मुकाबले में सीट जीती थी। उन्होंने बीजेडी के देबाशीष मारंडी को हराया था। बिश्वेश्वर को 4.83 लाख और देबाशीश को 4.58 लाख वोट मिले थे।





**एयरपोर्ट पर चुनाव प्रदर्शनी**

पटना। बिहार के पटना हवाई अड्डे के आगमन लाउंज में चुनाव आयोग द्वारा चुनाव और मतदान के महत्व को दर्शाती एक प्रदर्शनी।



**चुनाव की पूर्वसंध्या**

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण की पूर्व संध्या पर मतदान अधिकारी ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री के साथ अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होते हुए।

**बंगाल में दोनों पार्टियों ने वामदल पर किए सियासी वार**

# टीएमसी और बीजेपी को सीपीएम से खतरा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के अंतिम चरण मतदान में राज्य की दो प्रमुख पार्टी तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी को सीपीआई(एम) से कड़ी टक्कर मिल रही है। अभी तक हुए छह चरणों में दोनों पार्टियों का ध्यान एक दूसरे पर था। लेकिन 1 जून को होने वाले मतदान से पहले दोनों दलों ने वाम दल को निशाने पर लिया है।

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता और उसके आसपास के नौ सीटों में किसी भी सीट पर जीत हासिल करने के लिए खूब मेहनत करना पड़ रहा है। हालांकि उसे कांग्रेस के साथ गठबंधन का लाभ मिलता दिख रहा है। लेकिन सबसे महत्वपूर्व सवाल ये हैं कि अगर सीपीआई (एम) का वोट प्रतिशत बढ़ता है तो वो बीजेपी और टीएमसी में से किसका वोट काटेगी।

### पिछले चुनाव में भाजपा का दबदबा

हालांकि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव की बात करें तो प्रदेश की 42 लोकसभा सीटों में से 22 सीटों पर राज्य की सत्तारूढ़ टीएमसी ने जीत दर्ज की थी तो वहीं भारतीय जनता पार्टी को 16 की बढ़त मिली थी। यानी उसे 18 सीटों पर जीत मिली थी। जबकि बची दो सीट कांग्रेस के खाते में थी। वहीं 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में वामदल माकपा एक बार खाता नहीं खोल पाई थी।



**वामदल के पारंपरिक वोटर्स एक बार फिर उसको लेकर रुझान बना रहे**

हिंदू वोटर्स के एकजूट होने की वजह से साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को काफी बढ़त देखने को मिला था। वहीं टीएमसी मुस्लिम वोटर्स को साधने में कामयाब रही थी। जबकि सीपीआई(एम) दोनों ही वोटर्स को साधने में पार्टी पीछे रह गए गई थी। हालांकि वामदल के पारंपरिक वोटर्स एक बार फिर उसको लेकर रुझान बना रहे हैं। इसके संकेत पिछले साल हुए पंचायत चुनाव में देखने को भी मिले थे। आखिरी चरण में जीत सीटों पर वोटिंग होनी है उसमें दमदम और जादवपुर शामिल है। दोनों लोकसभा सीटों पर साल 2019 के चुनाव में टीएमसी ने जीत दर्ज की थी हालांकि इस बार दोनों ही जगहों पर वहां के प्रत्याशी टीएमसी के साथ ही बीजेपी को भी टक्कर दे रहे हैं। दोनों पार्टियों को इस बात का अंदाजा लगाने में काफी देर भी हुआ कि सीपीआई(एम) इस बार अच्छा प्रदर्शन करने वाली है।

### आरोप-प्रत्यारोप का चला दौर

कुछ दिन पहली ही बारासात और बारुईपुर में प्रधानमंत्री की रैली हुई। जहां पीएम मोदी ने कहा कि ममता बनर्जी ने तो पहले ही ऐलान कर दिया है कि चुनाव बाद वो सीपीआई(एम) और इंडिया गठबंधन को सहयोग करेंगी। इसका मतलब साफ है कि पर्दे के पीछे पूरा खेल चल रहा है। सभी पार्टियों की दुकान एक ही जगह से चल रही है। सभी की नुमाइस में एक ही दुकान है। वहीं राज्य की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने सीपीएम पर हमला बोला। उन्होंने सीपीएम को भाजपा से समझौता करने का आरोप लगाया। दमदम और जाधवपुर में टीएमसी को भारी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

रायपुर
शनिवार, 1 जून 2024
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष नवमी
वर्ष : 22, अंक : 313
पृष्ठ : 10+4+4 = 18, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 46.4
न्यून. 31.3

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

06 मलाइका-अर्जुन ने किया ब्रेकअप




विचार पेज
02 पंजाब में दांव पर दलों की साख

# आईआईएम में मंत्रियों का चिंतन, विशेषज्ञ बोले-विकसित भारत बनाने में छग की होगी अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रियों के लिए आईआईएम में आयोजित चिंतन शिविर की शुरुआत शुक्रवार को हुई। दो दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित कैबिनेट के सदस्य शामिल हुए। मंत्रियों को प्रशिक्षण देने के लिए देशभर के ख्यातिनाम विषय विशेषज्ञ यहां पहुंचे हैं। पहले दिन के सत्र को नीति आयोग के सीईओ श्री बीवीआर सुब्रमण्यम ने संबोधित किया। उन्होंने विकसित भारत की संकल्पना और इसे प्राप्त ▶▶| शेष पेज 4 पर

## ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने की जरूरत

*उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज जैसी समस्याओं को देखते हुए ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देते हुए सतत विकास की दिशा में काम करना है। उन्होंने कहा कि जब हम विजन लेकर चलते हैं तो स्वाभाविक रूप से हमें एक गाइड मैप मिल जाता है और इसके अनुरूप हम बढ़ते जाते हैं। श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में छत्तीसगढ़ की अहम भागीदारी होगी। छत्तीसगढ़ में विकसित राज्य बनने के लिए और तीव्र विकास के लिए असीम संभावनाएं हैं और इस दिशा में आगे बढ़कर छत्तीसगढ़ अपने विकास के साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।*

## सीएम और दोनों डिप्टी सीएम सहित मंत्री हुए शामिल



### मंत्रियों ने की संवाद में भागीदारी

*सभी मंत्रिगणों ने संवाद में भागीदारी करते हुए छत्तीसगढ़ में इस संबंध में बनाई जा रही नीतियों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने श्री सुब्रमण्यम के समक्ष अपनी जिज्ञासाएं भी रखीं जिस पर विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए सार्थक परिचर्चा हुई। इस दो दिवसीय इस चिंतन शिविर में छत्तीसगढ़ के विजन हेतु सार्थक विमर्श हो रहा है। साथ ही संसाधनों के सतत उपयोग एवं योजनाओं के अभिसरण सहित विविध विषयों पर चर्चा होगी।*

### ये मंत्री रहे मौजूद

चिंतन शिविर में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा मौजूद रहे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## आखिरी चरण में आज 57 सीटों पर मतदान, नतीजे 4 जून को

# हीटवेव में कौन होगा 'हिट', वोटर करेंगे फैसला, मैदान पर पीएम समेत कई दिग्गज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में सात राज्यों एवं एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों के लिए आज शनिवार एक जून को मतदान होगा। इस चरण में 95 महिलाओं समेत 904 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके कैबिनेट के पांच मंत्रियों के अलावा एक पूर्व मुख्यमंत्री और एक उप मुख्यमंत्री की प्रतिष्ठा दांव पर होगी। वहीं फिल्म-संगीत की हस्तियों के अलावा पूर्व मंत्रियों, सांसदों और विधायकों समेत अनेक राजनैतिक दिग्गजों के सियासी भविष्य का फैसला आज तय होगा।*

लोकसभा चुनाव के अंतिम पड़ाव में जिन सियासी दिग्गजों ने भी अपनी प्रतिष्ठा को दांव पर लगा रखा है, उनमें बिहार की पटना साहिब सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, पाटलिपुत्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल व राजद प्रमुख लालू यादव की बेटी मीसा भारती, काराकाट सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाह व फिल्मी कलाकार पवन कुमार चुनाव मैदान में हैं। चंडीगढ़ सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में पूर्व मंत्री मनीष तिवारी, पंजाब की बठिंडा सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री और शिअद प्रत्याशी हरसिमरत कौर बादल, पटियाल से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी परणीत कौर, हिमाचल की कांगड़ा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, मंडी सीट पर भाजपा प्रत्याशी फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत, ओडिशा की बालासोर सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रताप सिंह सारंगी, बलिया से भाजपा के नीरज शेखर, पश्चिम बंगाल की दमदम सीट से तृणमूल प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री सौगात राय, कोलकाता उत्तर सीट तृणमूल के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदीप बंदोपाध्याय और डायमंड हार्बर सीट से बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी भी सियासी प्रतिष्ठा के लिए चुनाव मैदान में हैं।

### बसपा ने उतारे सर्वाधिक प्रत्याशी

लोकसभा के इस अंतिम दौर के चुनाव में 57 सीटों पर प्रमुख राजनैतिक दलों में सबसे ज्यादा 56 प्रत्याशी बसपा ने उतारे हैं। भाजपा के 51, कांग्रेस के 31, सपा के 9, तृणमूल कांग्रेस के 9, बीजद के 6, आप व शिअद के 13-13, राजद, झामुमो, आरपीआई व सीपीआई (एमएल) के3-3, जदयू, अपना दल के 2, सीपीआईएम के 8, सीपीआई के 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। अन्य दलों के अलावा 375 निर्दलीय प्रत्याशी भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।



### एग्जिट पोल का कांग्रेस ने किया बहिष्कार, चैनलों पर नहीं दिखेंगे प्रवक्ता

नई दिल्ली। कांग्रेस ने एग्जिट पोल से दूरी बनाने का ऐलान किया है। कांग्रेस का कहना है कि वो टीआरपी गेम में शामिल नहीं होना चाहती क्योंकि मतदाता अपना मत दे चुके हैं और 4 जून को नतीजे आएंगे इसके बाद कांग्रेस के प्रवक्ता चैनलों के बहस में शामिल होंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ट्वीट किया कांग्रेस की नजर में, परिणाम घोषित होने से पहले किसी भी प्रकार की सार्वजनिक अटकलें लगाकर टीआरपी गेम में भाग लेने का कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस पार्टी खुशी-खुशी फिर से बहस में भाग लेगी 4 जून से। किसी भी बहस का मकसद दर्शकों का ज्ञानवर्धन करना होता है। कांग्रेस पार्टी 4 जून से डिबेट्स में फिर से सहर्ष भाग लेगी। खेड़ा ने पोस्ट किया कि मतदाताओं ने अपना वोट डाल दिया है और मतदान के नतीजे मशीनों में बंद हो गए हैं। नतीजे 4 जून को आएंगे।

### ये मौजूदा सियासी गणित

लोकसभा के सातवें चरण की जिन 57 सीटों पर मतदान होना है, उनमें साल 2019 के चुनाव में राजग ने सबसे ज्यादा 32 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जिसमें 25 सीटें भाजपा जीती थी, जिसमें जदयू की तीन अपना दल (एस) और शिरोमणि अकाली दल ने 2-2 दो सीटें शामिल थी। जबकि तृणमूल कांग्रेस ने 9, कांग्रेस ने 8, बीजद ने 2, ▶▶| शेष पेज 4 पर

### अंतिम दौर में दागियों पर खेला दांव

लोकसभा चुनाव मैदान में 199 प्रत्याशी आपराधिक छवि के होंगे। इनमें प्रमुख राजनीतिक दलों में सबसे ज्यादा 23 को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। जबकि बसपा के 13, कांग्रेस के 12, तृणमूल व सपा के 9-9, शिअद के 8, आम आदमी पार्टी व सीपीआई(एम) के 5-5, राजद व सीपीआई(एमएल) के 3-3, बीजद व सीपीआई के ▶▶| शेष पेज 4 पर

# राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और महासचिव के ठिकानों पर ईडी के छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कस्टम मिलिंग घोटाले को लेकर ईडी की टीम ने छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष तथा दुर्ग के राइस मिलर कैलाश रुंगटा व एसोसिएशन के पूर्व महासचिव प्रमोद अग्रवाल के खरोरा और रायपुर स्थित ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है। प्रमोद अग्रवाल के यहां जांच गुरुवार से चल रही है। खबर है, पूर्व में गिरफ्तार किए गए मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी तथा छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर से मिले इनपुट के आधार पर ईडी की टीम ने इनके ठिकानों पर धावा बोला है।

- छापे की कार्रवाई खरोरा, रायपुर तथा दुर्ग में गुरुवार से चल रही

गौरतलब है कि 140 करोड़ रुपए के चावल घोटाला के आरोप में आयकर विभाग ने मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी के यहां छापे की कार्रवाई की थी। छापे में मिले दस्तावेजों के आधार पर ईडी ने 30 अप्रैल को मनोज सोनी को गिरफ्तार किया। इसके बाद मनोज सोनी से पूछताछ के आधार पर ईडी ने रोशन चंद्राकर को गिरफ्तार किया। चावल घोटाले में शामिल दोनों आरोपियों से पूछताछ के आधार पर ईडी की टीम ने प्रमोद ▶▶| शेष पेज 4 पर



### यह है पूरा मामला

ईडी की पड़ताल में यह बात सामने आई है कि मार्कफेड के एमडी रहे मनोज सोनी तथा कुछ अन्य अफसरों ने राइस मिलरों से उगाही करने एसोसिएशन को ढाल बनाया। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रहे रोशन चंद्राकर राइस मिलरों से लेवी वसूल कर अफसरों तक पहुंचाने का काम करते थे, ऐसा ईडी का आरोप है। इसके साथ ही मोटा, पतला धान का डीओ कटवाने के एवज में तथा कस्टम मिलिंग राइस को नान में देने तथा एफसीआई में देने को लेकर बड़े पैमाने पर लेन-देन करने का आरोप है।

### कैलाश घर पर नहीं मिले, प्रमोद के यहां से दस्तावेज जब्त

सूत्रों के मुताबिक ईडी की टीम ने प्रमोद अग्रवाल के घर तथा राइस मिल में छापे की कार्रवाई के दौरान वर्ष 2020-21 में की गई कस्टम मिलिंग के बारे में जानकारी जुटाने के साथ उनके यहां से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। इसके साथ ही सूत्रों ने बताया है कि दुर्ग, दीपक नगर निवासी कैलाश रुंगटा के घर ईडी की टीम शुक्रवार को तड़के पहुंची, तो वे घर पर नहीं मिले। घर पर उपस्थित कैलाश के भाई ने ईडी की टीम को बताया कि उनका बड़ा भाई आउट ऑफ स्टेशन है। इसके बाद ईडी की टीम ने कैलाश के छोटे भाई को उनके वापस आने पर पूछताछ में सहयोग करने कार्यालय आने के लिए कहा और एक घंटा रुकने के बाद टीम लौट आई।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा में पहली बार हुआ बंदर का मोतियाबिंद ऑपरेशन

**हिसार।** हिसार में एक सरकारी स्वास्थ्य विवि ने पहली बाद बंदर के मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया है जिससे वह देखने लगा। बिजली के झटके से जलने के बाद बंदर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 'पशु शल्य चिकित्सा विभाग के प्रमुख आर एन चौधरी ने कहा कि कई दिनों के उपचार के बाद वह स्वस्थ हो गया।



### उत्तराखंड के जंगलों में फिर भड़की आग

**देहरादून।** उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में जंगलों में आग फिर से भड़क उठी है और राजाजी बाघ गौहारी रेंज और ऋषिकेश में नीलकंठ महादेव मंदिर के पैदल यात्रा मार्ग पर आग लगने की दो बड़ी घटनाएं हुई हैं। वन विभाग ने बताया कि क्षेत्र के गौहारी रेंज में आग से करीब 1.5 हे. वन क्षेत्र प्रभावित हुआ।



### 'पॉर्न स्टार' को धन देने के मामले में ट्रंप को होगी सजा

**वाशिंगटन।** 'पॉर्न स्टार' स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में डोनल्ड ट्रंप को लकारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों में दोषी पाया गया और इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ट्रंप को 11 जुलाई को सजा सुनाई जाएगी।



### एक किलो सोना लेकर आई एयर होस्टेस गिरफ्तार

**कन्नूर।** मस्कट से कन्नूर जा रही एयर होस्टेस को लेकर एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बता दें कि एक एयरहोस्टेस मस्कट से कन्नूर जा रही थी, उस दौरान उसने अपने प्राइवेट पार्ट में एक किलो सोना छिपाया था। बताया जा रहा है वो सोना छिपाकर तस्करी करने की फिराक में थी।



### योग शिविर में देशभक्ति गीत पर नाचते बुजुर्ग की मौत

**इंदौर।** इंदौर में एक योग शिविर के दौरान सेना जैसी वर्दी में देशभक्ति गीत पर नाचते वक्त कथित तौर पर दिल का दौरा पड़ने से 73 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। शहर के फूटी कोठी क्षेत्र में आयोजित योग शिविर आयोजकों ने बताया कि बलवीर सिंह छाबड़ा (73) अपने समूह के लोगों के साथ विशेष प्रस्तुति के लिए इस शिविर में आए थे।



# दिल्ली-फ्रांसिस्को की उड़ान 8 घंटे लेट, बिना एसी यात्री हुए बेहोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान 8 घंटे लेट हो गई। विमान गुरुवार को दोपहर 3:20 बजे दिल्ली से उड़ान भरने वाला था, लेकिन 8 घंटे देर हो गई। इस दौरान यात्रियों को बिना एसी के विमान में बैठा दिया गया। इस दौरान विमान में बैठे यात्री बेहोश होने लग गए। जब गर्मी से यात्री परेशान होने लगे तब उनको विमान से उतारा गया। उड़ान की देरी का कारण नहीं बताया गया है।

एक महिला पत्रकार ने एयर इंडिया की अव्यवस्था को तस्वीर के साथ एक्स पर साझा किया, जिसमें यात्री फर्श पर बैठे दिख रहे हैं। पत्रकार ने नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया को टैग कर लिखा, 'उड़ान संख्या एआई 183 आठ घंटे लेट थी और लोगों को विमान में बिना एसी के बैठाए रखा गया। हालांकि, कुछ लोगों के बेहोश हो जाने के बाद यात्रियों को उतारा गया।

### डीजीसीए ने एयर इंडिया को भेजा नोटिस

विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों की समुचित देखभाल में नाकाम रहने के लिए शुक्रवार को एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया। डीजीसीए ने इस नोटिस में 30 मई को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को की उड़ान एआई 183 और 24 मई को मुंबई से सैन फ्रांसिस्को की उड़ान एआई 179 के परिचालन में हुए अनावश्यक विलंब का जिक्र करते हुए जवाब मांगा है। एयर इंडिया की दोनों उड़ानें केबिन के भीतर तापमान नियंत्रित न होने के कारण देर से रवाना हुई थीं।

### दिल्ली से श्रीनगर फ्लाइट में बम की सूचना

नई दिल्ली। दिल्ली से श्रीनगर जाने वाली विस्तारा उड़ान में शुक्रवार को बम की सूचना से हड़कंप मच गया। विमान में 177 यात्री और एक बच्चा सवार था। रिपोर्ट के मुताबिक, विस्तारा की यूके 611 उड़ान नई दिल्ली से श्रीनगर आ रही थी। इस दौरान उसे धमकी भरा कॉल मिला, जिसके बाद उसे श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया। विमान से किसी प्रकार की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। जांच अधिकारियों की ओर से बम की सूचना देने वाले स्रोतों की जांच की जा रही है। धमकी वाली कॉल आने के बाद श्रीनगर हवाई अड्डे से सभी उड़ानों को करीब 2 घंटे के लिए रोक दी गई थीं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 'सूर्य अर्घ्य' दिया



**कन्याकुमारी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां विवेकानंद रॉक मेमोरियल में सूर्योदय के दौरान 'सूर्य अर्घ्य' दिया। प्रधानमंत्री ने हाथ जोड़कर प्रणाम करने के बाद 'सूर्य अर्घ्य' दिया। 'सूर्य अर्घ्य' आध्यात्मिक अभ्यास से जुड़ी एक परंपरा है, जिसमें भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है। प्रधानमंत्री ने विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 30 मई की शाम को ध्यान लगाना शुरू किया और वह एक जून की शाम तक इस मुद्रा में रहेंगे।



### कांग्रेस ने किया कटाक्ष

वहीं कांग्रेस की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थागई ने कटाक्ष किया। कांग्रेस नेता ने पोस्ट में कहा, ''कितनी जगह पर कितने वीडियोग्राफर खड़े थे! स्वामी विवेकानंद मौन हैं।

### भाजपा ने कहा- सूर्योदय सूर्य अर्घ्य, आध्यात्मिकता

भाजपा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक संक्षिप्त वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा सूर्योदय, सूर्य अर्घ्य, आध्यात्मिकता। भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी की कुछ तस्वीरें भी पोस्ट कीं, जिसमें वह भगवा कुर्ता, शॉल और धोती पहने हुए ध्यान मंडपम में ध्यान में लीन दिखाई दे रहे हैं। तस्वीरों में उनके सामने रखी अगरबत्ती को धीरे-धीरे जलते हुई देखा जा सकता है।

## चंद्रशेखर सरकार ने रखा था गिरवी

# ब्रिटेन से वापस लाया गया गिरवी रखा 100 टन सोना

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने ब्रिटेन से 100 टन से अधिक सोना देश में वापस मंगा लिया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने वापस लाए सोने को अपने भंडार में ट्रांसफर कर दिया है। बता दें कि 1991 में इस सोने को गिरवी रखा गया था और अब आरबीआई ने इसे वापस मंगा कर अपने स्टॉक में रख लिया है। बता दें कि 1991 में चंद्रशेखर सरकार ने उस दौरान भुगतान संकट टालने के लिए सोने को गिरवी रख दिया था।



### भारत के पास है कितना सोना

ताजा आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च 2024 तक केंद्र सरकार के पास 822.10 टन सोना था। इसके पिछले साल 794.63 टन सोना था। भारत सरकार के अनुसार उस दौरान आरबीआई ने 400 मिलियन डॉलर की राशि जुटाने के लिए बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान में 46.91 टन सोना गिरवी रखा था।

## रोज की जिंदगी पर पड़ेगा असर, आम आदमी का बढ़ेगा खर्च

# आधार-पैन-ड्राइविंग लाइसेंस, क्रेडिट कार्ड तक, आज से हो रहे बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जून महीने की पहली तारीख से एलपीजी सिलेंडर का उपयोग बैंक की छुट्टियां, आधार और ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर काफी सारे नियमों में बदलाव होने वाला है। इनमें से अधिकतर बदलावों के कारण से हमारी हर रोज की जिंदगी पर असर पडेगा। इसके साथ में हमारा खर्च भी बढ़ जाएगा।

इनकम टैक्स विभाग ने टैक्सपेयर्स से 31 मई 2024 तक अपने पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने को कहा है। विभाग ने कहा कि जो लोग इस तारीख तक लिंक नहीं करते हैं उनको ज्यादा स्रोत पर कर कटौती देना पड़ेगा।

### ड्राइविंग लाइसेंस का नियम

मिनिस्ट्री ऑफ रोज ट्रांसपोर्ट एंड हाईवेज ने 1 जून 2024 से ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए नए नियमों की घोषणा की है। इन सभी बदलावों के तहत शख्स सरकारी आरटीओ के बजाय प्राइवेट ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर पर भी ड्राइविंग टेस्ट दे सकेंगे। इसके साथ में ट्रेनिंग सेंटर्स टेस्टिंग के बाद लाइसेंस एलिजिबिलिटी जारी कर सकते हैं।



### आधार कार्ड अपडेट

अगर आप अपने आधार कार्ड को अपडेट करने के बारे में विचार बना रहे हैं तो आप 14 जून तक ऐसा नहीं कर सकते हैं। आप अपने आधार को ऑनलाइन भी अपडेट कर सकते हैं। इसके अलवा यदि आप इसे ऑफलाइन अपडेट कराते हैं तो आपको अपडेट पर 50 रुपये का शुल्क देना होगा।

### क्रेडिट कार्ड का नया नियम

एसबीआई ने कहा है कि जून 2024 से कुछ क्रेडिट कार्ड के लिए सरकार से संबंधित ट्रांजैक्शन पर रिवॉर्ड पॉइंट लागू नहीं होंगे। जिन एसबीआई क्रेडिट कार्ड में ये सुविधा बंद होने जा रही है, उनमें ऑरम, एसबीआई कार्ड एलिट, एसबीआई कार्ड एलिट एडवांटेज और कई अन्य शामिल हैं।

### नाबालिगों के वाहन चलाने पर जुर्माना 25 हजार

नए नियमों के तहत सरकार करीब 9 लाख पुराने वाहनों को खत्म करने के साथ कार एमिशन स्टैंडर्ड्स को सख्त करना चाहती हैं। अब ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इस समय नाबालिग की तरफ से वाहन चलाने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगेगा। इसके साथ में गाड़ी के मालिक का रजिस्ट्रेशन भी कैंसल कर दिया जाएगा।

## चिंतन

# जीडीपी की सबसे तेज दर आर्थिक मजबूती के संकेत

एक जून को आम चुनाव के सातवें व अंतिम चरण के चुनाव हैं, जिसमें 57 सीटों पर मतदान होगा, चुनाव से पहले कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में पीएम नरेंद्र मोदी के ध्यान को लेकर विपक्ष की राजनीति भी तेज है, कांग्रेस मामले को लेकर अदालत पहुंच गई है, इस सियासी पारे के बीच मतदान से ठीक एक दिन पहले आर्थिक मोर्चे पर शानदार खबर आई है। पूर्व के सभी अनुमानों को ध्वस्त करते हुए देश की अर्थव्यवस्था ने 8.2 फीसदी की दर रफ्तार भरी है। अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, पहली तिमाही अप्रैल-जून में 7.8 फीसदी, दूसरी तिमाही जुलाई- सितंबर में 7.6 प्रतिशत और तीसरी तिमाही अक्टूबर- दिसंबर में 8.6 फीसदी की दर से बढ़ी थी। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई। वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत रही थी। मूडीज, फिच, एसएंडपी, नोमुरा, रिजर्व बैंक, आईएमएफ आदि दिग्गज वित्तीय संस्थानों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी दर सात से आठ फीसदी के बीच रहने का अनुमान लगाया था। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च 2023 की जीडीपी वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत थी। जीडीपी निश्चित अवधि में देश की भौगोलिक सीमा के भीतर उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी। भारत के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 प्रतिशत रही। अमेरिका की जीडीपी में सुधार हुआ है, पर वह भी 3 फीसदी से नीचे है। इस वक्त भारत की जीडीपी दर सबसे तेज है। हालांकि मूडीज रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि और चुनाव के बाद नीतिगत निरंतरता रहने की उम्मीद पर भारत की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.8 प्रतिशत और 2025-26 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इसका मतलब है कि अगले दो वित्त वर्ष के दौरान मौजूदा की तुलना में जीडीपी दर में गिरावट देखने को मिलेगी। चूंकि भारत 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने को संकल्पित है, ऐसे में अगर जीडीपी दर में ढलान आएगी तो लक्ष्य मुश्किल होता जाएगा। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। मार्च में इन आठ उद्योगों की वृद्धि दर छह प्रतिशत थी जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 4.6 प्रतिशत रही थी। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली को बुनियादी उद्योगों में गिना जाता है। इनकी देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सम्मिलित रूप से 40.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। राजकोषीय घाटा में भी सुधार दर्ज किया गया है। सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी का 5.63 प्रतिशत रहा। यह केंद्रीय बजट में जताये गये 5.8 प्रतिशत के अनुमान से कुछ कम है। रिजर्व बैंक ने कुछ दिन पहले ही सरकार को दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का रिकार्ड लाभांश दिया है। रिजर्व बैंक ब्रिटिश बैंक में रखे सौ टन सोना वापस लेकर आया है। वित्त मंत्री के मुताबिक, सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट कर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबा कर्ज वसूला है। खुदरा व थोक दोनों महंगाई दर नियंत्रण में हैं। साल भर जीएसटी का रिकार्ड कलेक्शन हुआ है। शेयर बाजार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इस तरह देखें तो हमारी अर्थव्यवस्था के सभी संकेतक मजबूत हुए हैं। चुनावी वर्ष में यह स्थिति सरकार के लिए राहतपूर्ण है।

## विडंबना

पंकज चतुर्वेदी



# स्वच्छ पेयजल पर सरकार को संजीदा होना होगा

वैसे तो इंदिरपुरम का वैभव खंड गाजियाबाद में आता है, लेकिन इसकी दिल्ली से दूरी बमुश्किल तीन किलोमीटर है। यहां साया गोल्ड एवेन्यू में दूषित पानी के कारण 762 लोगों को अब तक डायरिया हो चुका है। नहाने से त्वचा रोग के मरीज लगभग हर घर में हैं। हंगामा हुआ, पुलिस आई तो बात सभी के सामने खुल गई। त्रासदी यह है कि इतना हाल हुआ, उसके बाद भी 15 दिन बीत जाने पर वहां साफ पानी का इंतजाम हो नहीं पाया। वैसे तो गाजियाबाद-नोएडा-गुरुग्राम आदि में यह हाल लगभग हर ऊंची इमारतों वाली सोसायटी का है। अधिकांश में जल आपूर्ति भूमिगत जल से है और पीने के जल का आश्रय या तो बोतल बंद पानी से या फिर खुद के आरओ। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम के कोयलारी गांव में कुएं का दूषित पानी पीकर एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वहीं, 50 से अधिक लोग डायरिया की चपेट में आ गए। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर से भी कई बच्चों के दूषित जल पीने से बीमार होने की खबर है। प्यास के लिए कुख्यात बुंदेलखंड के टीकमगढ़ जिले के नयारा गांव में खुले कुएं का पानी पीने से



एक बच्ची कि मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री के अपने जिले में दूषित जल से एक युवक मर गया, जबकि सैकड़ों बीमार हो गए। एक तरफ देश के हर हिस्से में बढ़ता तापमान समस्या बना है तो उसके साथ गर्मी से राहत का एकमात्र सहारा जल ही जहर बन गया है। देश के अलग-अलग हिस्से अब नल से बदबूदार पानी आने से परेशान हैं। गर्मी में पानी धरती के लिए प्राण है,लेकिन यदि जल दूषित हो तो यह प्राण हर भी सकता है। हमारे विकास के बड़े बड़े दावे कहीं जल जैसी मूलभूत सुविधा के सामने आकर ठिठक जाते हैं। अतीत में झांकें तो केंद्र सरकार की कई योजनाएं, दावे और नारे फाइलों में तैरते मिलेंगे, जिनमें भारत के हर एक नागरिक को सुरक्षित पर्याप्त जल मुहैया करवाने के सपने थे। इन पर अरबों खर्च भी हुए, लेकिन आज भी करीब 3.77 करोड़ लोग हर साल दूषित पानी के इस्तेमाल से बीमार पड़ते हैं। लगभग 15 लाख बच्चे दस्त से अकाल मौत मरते हैं। अंदाजा है कि पीने के पानी के कारण बीमार होने वालों से 7.3 करोड़ कार्य-दिवस बर्बाद होते हैं। इन सबसे भारतीय अर्थव्यवस्था को हर साल करीब 39 अरब रुपये का नुकसान होता है। नेशनल सैंपल सर्वे आफिस (एनएसएसओ) की 76वीं रिपोर्ट बताती है कि देश में 82 करोड़ लोगों को उनकी जरूरत के मुताबिक पानी मिल नहीं पा रहा है। देश के महज 21.4 फीसदी लोगों को ही घर तक सुरक्षित जल उपलब्ध है। पूरी दुनिया में, खासकर विकासशील देशों जलजनित रोग एक बड़ी चुनौती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ का अनुमान है कि अकेले भारत में हर रोज 3000 से अधिक लोग दूषित पानी से उपजने वाली बीमारियों का शिकार हो कर जान गंवा रहे हैं। यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं। पर्यावरण मंत्रालय और केंद्रीय एजेंसी 'एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली' द्वारा सन 2018 में पानी की गुणवत्ता पर करवाए गए सर्वे के मुताबिक राजस्थान में सबसे ज्यादा 19,657 बस्तियां और यहां रहने वाले 77.70 लाख लोग दूषित जल पीने से प्रभावित हैं। आईएमआईएस के मुताबिक पूरे देश में 70,736 बस्तियां फ्लोराइड, आर्सेनिक, लौह तत्व और नाइट्रेट सहित अन्य लवण एवं भारी धातुओं के मिश्रण वाले दूषित जल से प्रभावित हैं। इस पानी की उपलब्धता के दायरे में 47.41 करोड़ आबादी आ गई है। पेयजल से जहर के प्रभाव को शून्य करने के लिए जरूरी है कि पानी के लिए भूजल पर निर्भरता कम हो और नदी-तालाब आदि सतही जल में गंदगी मिलने से रोका जाए। कैसी विडंबना है कि समाज को 20 रुपये का एक लीटर पानी पीना मंजूर है, लेकिन पुश्तों से सेवा कर रहे जल-संसाधनों को सहेजने में लापरवाही। यह अंदेशा सभी को है कि पानी को लेकर सरकार और समाज को बेहद मशक्कत करनी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## आम चुनाव

उमेश चतुर्वेदी


# पंजाब में दांव पर दलों की साख

अठारहवीं लोकसभा का आखिरी और सबसे दिलचस्प मुकाबला पंज प्यारे के पंजाब में होना है। पांच नदियों की उपजाऊ माटी के मैदान पर एक जून को दिलचस्प मुकाबला होना है। दिलचस्प इसलिए कि कांग्रेस की अगुआई वाले इंडिया गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी यहां अलग लड़ रही है। पूरे देश में राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल मिलकर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोलते रहे हैं, लेकिन पंजाब में दोनों दलों के नेता आपस में ही लड़ रहे हैं। पंजाब का मुकाबला इसलिए भी रोचक है कि यहां बरसों तक साथ रहे शिरोमणि अकाली दल और भाजपा अलग-अलग लड़ रहे हैं। पंजाब का मुकाबला इसलिए भी ज्यादा रोचक हो गया है।

तपती गर्मियों के बीच अठारहवीं लोकसभा का आखिरी और सबसे दिलचस्प मुकाबला पंज प्यारे के पंजाब में होना है। पांच नदियों की उपजाऊ माटी के मैदान पर एक जून को दिलचस्प मुकाबला होना है। दिलचस्प इसलिए कि कांग्रेस की अगुआई वाले इंडिया गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी यहां अलग लड़ रही है। पूरे देश में राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल मिलकर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोलते रहे हैं, लेकिन पंजाब में दोनों दलों के नेता आपस में ही लड़ रहे हैं। पंजाब का मुकाबला इसलिए भी रोचक है कि यहां बरसों तक साथ रहे शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी अलग-अलग लड़ रहे हैं। पंजाब का मुकाबला इसलिए भी ज्यादा रोचक हो गया है, जहां कल तक कमल को खिलने से रोकने के लिए पंजा भिड़ाते रहे दिग्गज हाथ इस बार कमल खिलाने की कोशिश कर रहे हैं।

देश की सबसे ज्यादा उपजाऊ पंजाब की माटी को ही माना जाता है। यह बात और है कि रसायनों और कीटनाशकों के अंधाधुंध इस्तेमाल होने के चलते यहां की माटी दूषित भी हो गई है। इतनी कि कैंसर रोगियों की यहां बाढ़ आ गई है। पंजाब की सियासी माटी में पता नहीं कैंसर फैला है कि नहीं, लेकिन दूषित तो जरूर हो गई है। पंजाब के चुनावों पर असर डालने की कोशिश विदेशों में रह रहे खालिस्तानी उग्रवादी तक कर रहे हैं। खबरें यहां तक है कि भारत को तोड़ने की कोशिश में विदेशों से जुटे अलगाववादी तत्व एक खास दल को परोक्ष सहयोग दे रहे हैं। खुफिया ब्यूरो रह-रहकर इस सिलसिले में चेताता भी रहता है। यह बात जगजाहिर हो चुकी है कि एक बरस से ज्यादा वक्त तक चले किसान आंदोलन में पर्दे के पीछे से भी अलगाववादी ताकतें साथ दे रही थीं। पंजाब की धरती इन दिनों नशे के कारोबारियों की भी चपेट में है। वे राजनीति को भी नशे का डोज देने की कोशिश में लगे हुए हैं। पंजाब के चुनाव नतीजों पर इन सबका असर पड़े बिना नहीं रहेगा।

सोशल मीडिया पर अपनी तीव्र और आक्रामक पहुंच के जरिये आम आदमी पार्टी अपने नेता अरविंद केजरीवाल को प्रधानमंत्री पद तक पहुंचने का दावा अक्सर करती रहती है, लेकिन हकीकत यह है कि पार्टी महज 22 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है। जिसमें सबसे ज्यादा तेरह सीटें पंजाब की ही हैं। दिल्ली की सात, हरियाणा की एक और गुजरात में एक सीट पर ही आप लड़ रही है। अब तक पंजाब में आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन कैसा रहा है, इस पर ध्यान देना जरूरी है। 2019 के आम चुनावों में पार्टी को सिर्फ 7.38 प्रतिशत ही वोट मिले थे और उसे सिर्फ एक ही सीट पर जीत मिली थी, जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस को 40.12 प्रतिशत वोट और आठ सीटें मिली थीं। कांग्रेस की पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी शिरोमणि अकाली दल को 27.76 प्रतिशत वोट और दो सीटें मिलीं थी, जबकि तब उसकी सहयोगी रही बीजेपी को 9.63 प्रतिशत वोट और दो सीटें मिली थीं। पिछला चुनाव आम आदमी पार्टी के लिए नुकसानदायक रहा था, क्योंकि उसके पहले यानी 2014 के आम चुनावों में पार्टी को 24.4 प्रतिशत वोट और चार लोकसभा सीटें




मिली थीं। तब शिरोमणि अकाली दल को 26.30 प्रतिशत वोट और चार सीटें मिली थीं। तब सबसे उसकी सहयोगी रही बीजेपी को 8.70 प्रतिशत वोट और दो सीटें मिली थीं। सबसे ज्यादा यानी 33.10 प्रतिशत वोट हासिल करने वाली कांग्रेस को महज तीन लोकसभा सांसद ही चुने जा सके थे।

इसी आम आदमी पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में बाजी पलट दी। तब उसे 42.10 प्रतिशत वोट और 117 सदस्यीय विधानसभा में 92 विधायक जिताकर देश को चौंका दिया था। पार्टी इसी वजह से मौजूदा लोकसभा चुनाव में उम्मीद लगा रखी है। यही वजह है कि उसने कांग्रेस के साथ यहां समझौता नहीं किया। अगर समझौता करती तो उसे साझा तरीके से लड़ना पड़ता। वैसे कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व भी ऐसी ही सोच के साथ आगे बढ़ता रहा। कांग्रेस ने अपने राज्य नेतृत्व के दबाव में साझा लड़ने की बजाय अकेले उतरने की तैयारी की। दोनों दलों के लिए अच्छी बात यह है कि पारंपरिक सहयोगी रहे शिरोमणि अकाली दल और बीजेपी अलग-अलग मैदान में हैं। दोनों दलों के बेहतर रिश्तों के दौर में बीजेपी हमेशा शिरोमणि अकाली दल के छोटे भाई की भूमिका में रही है। बीजेपी की इस भूमिका से नवजोत सिंह सिद्धू नाखुश रहते थे। वे बीजेपी को अग्रिम पंक्ति में लाना चाहते थे। इसी वजह से वे शिरोमणि अकाली दल के निशाने पर रहे। यहां यह याद करना जरूरी है कि राहुल गांधी को पप्पू की उपाधि उन्होंने ही दी थी। यह बात और है कि अब वे कांग्रेस के साथ हैं। अब सिद्धू बीजेपी से बाहर हैं, लेकिन बीजेपी छोटे भाई की भूमिका से आगे निकलकर राज्य में अपना स्थान बनाने की कोशिश में है। गठबंधन के दिनों में चूंकि पार्टी सीमित सीटों पर ही ध्यान केंद्रित करती रही, लिहाजा वह राज्य में नेतृत्व विकसित नहीं कर पाई। जब पार्टी ने खुद के दम पर मैदान में उतरने की सोची तो उसके पास उम्मीदवारों का अकाल नजर आया। लिहाजा उसने कांग्रेस के स्थापित नेतृत्व रहे लोगों की ओर निगाह डाली। अपनी पार्टी में वे लोग भी नाखुश थे तो बीजेपी ने उन्हें साथ जोड़ लिया। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़, पंजाब की पटियाला से सांसद रहीं परणीत कौर, पंजाब कांग्रेस के दिग्गज नेता रवनीत सिंह बिट्टू आदि को बीजेपी ने शामिल कर लिया और मैदान में उतार दिया। जो नेता महज दो साल पहले तक राज्य में कमल को खिलने से रोकते रहे, वे ही अब राज्य में कमल खिलाने की कोशिश में प्राणपण से जुटे हुए हैं।

पंजाब में बीजेपी की संभावना कम दिख रही है। किसान आंदोलन के चलते वह सबसे ज्यादा किसानों के निशाने पर भी रही है। राज्य में उसकी छवि शहरी पार्टी की ही रही है, लेकिन सभी शहरों में उसकी उपस्थिति नहीं रही। अब उसे राज्य की शहरी आबादी के साथ ही यहां की करीब 38 फीसदी हिंदू आबादी से उम्मीद है। अगर विपरीत परिस्थिति में भी वह अपना खाता खोल पाती है या राज्य की तेरह में से दो-तीन सीटें झटक लेती है तो भविष्य के लिए उसकी राह आसान हो जाएगी। वहीं कांग्रेस की कोशिश अपनी पुरानी स्थिति को बरकरार रखने की है। हालांकि इस बार ऐसा संभव नहीं लगता, क्योंकि उसका तकरीबन नब्बे फीसदी शीर्ष नेतृत्व उसका साथ छोड़ गया है। शिरोमणि अकाली दल को लेकर जनता का उत्साह खास नजर नहीं आ रहा है। रही बात आम आदमी पार्टी की तो स्वाति मालीवाल की पिटाई प्रकरण के बाद वह भी बैकफुट पर नजर आ रही है। हालांकि वह विधानसभा चुनाव जैसे नतीजे की उम्मीद में है, लेकिन राज्य से आ रही खबरें पार्टी के लिए इतनी सुकूनदायक नहीं हैं।

वैसे आखिरी फैसला मतदाता को ही करना है। एक जून को ईवीएम का बटन दबाकर वह करेगा। देखना यह है कि वह झाड़ू फिराता है या पंजे को मजबूत करता है या फिर कमल खिलाता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# कृष्ण योग के सूत्र




संकलित

## दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है। वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं- अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता। कर्म को कृष्ण ऐसा करना कहते हैं, जिसमें कर्ता का भाव है।

# अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारे



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रील्स न बने परेशानी का कारण

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं है। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए।

*- संजय जैन, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# मेजर राधिका सेन सच्ची नेता एवं आदर्श हैं: गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कांगो में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवा दे चुकीं भारतीय महिला शांति रक्षक मेजर राधिका सेन को 'एक सच्ची नेता और आदर्श' बताते हुए कहा कि उनकी सेवा समग्र रूप से संयुक्त राष्ट्र के लिए एक योगदान है। कांगो गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र संगठन स्थिरीकरण मिशन में सेवा दे चुकीं मेजर सेन को बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के मौके पर यहां विश्व निकाय के मुख्यालय में गुतारेस ने प्रतिष्ठित '2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' प्रदान किया। गुतारेस ने 'डैग हैमरस्कजॉल्ड' पदक और 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर' समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा, 'मेजर सेन एक सच्ची नेता और आदर्श हैं। उनकी सेवा समग्र रूप से संयुक्त राष्ट्र के लिए एक योगदान है। आइए, मेरे साथ मिलकर भारत की मेजर राधिका शर्मा को बधाई दीजिए। मुझे उन्हें 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' देते हुए बहुत गर्व हो रहा है। मेजर सेन भारतीय त्वरित तैनाती बटालियन की कमांडर के तौर पर मार्च 2023 से अप्रैल 2024 तक कांगो गणराज्य के पूर्व में तैनात थीं।



## ऑफ बीट

# आदिमानव का बड़ा दिमाग भोजन खोजने नहीं था

हमारे बड़े दिमाग के कारण, मानव और गैर-मानव वानर अधिकांश स्तनधारियों की तुलना में अधिक चालाक हैं। लेकिन कुछ प्रजातियों में सबसे पहले बड़े मस्तिष्क का विकास क्यों होता है? नरवानर के बड़े मस्तिष्क कैसे विकसित हुए, इसके लिए अग्रणी परिकल्पना में एक फीडबैक लूप शामिल है: होशियार जानवर भोजन को अधिक कुशलता से खोजने के लिए अपनी बुद्धि का उपयोग करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अधिक कैलोरी मिलती है, जो बड़े मस्तिष्क को शक्ति प्रदान करने के लिए ऊर्जा प्रदान करती है। इस विचार का समर्थन उन अध्ययनों से मिलता है जिनमें मस्तिष्क के आकार और आहार के बीच एक संबंध पाया गया है - विशेष रूप से, किसी जानवर के आहार में फल की मात्रा। फल एक उच्च शक्ति वाला भोजन है, लेकिन जानवरों के लिए एक जटिल पहेली पैदा करता है। विभिन्न फलों की प्रजातियाँ वर्ष के अलग-अलग समय पर पकती हैं और एक जानवर की घरेलू सीमा में फैली होती हैं। जिन जानवरों को इस तरह के अत्यधिक परिवर्तनशील भोजन की आवश्यकता होती है, उनके बड़े मस्तिष्क विकसित होने की अधिक संभावना हो सकती है।



## ट्रेंड

### कभी नहीं भूलेंगे

संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना के लिए पिछले वर्ष 33 देशों के सहयोगियों ने शांति के लिए कीमत चुकाई। आज हमने उन्हें डैग हैमरस्कजॉल्ड मेडल से सम्मानित किया। हम उन्हें कभी नहीं भूलेंगे।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव



### शरणागति भाव में रहें

अपने अविनाशी स्वरूप का बोध होते ही अज्ञानजन्य दुःख स्वतः ही मिटने लगते हैं। आत्मज्ञान के साथ शरणागति भाव में रहें। अनन्य शरणागति साधक के मन का परिशोधन व अहंकार का शमन कर एकात्मता का प्रकटीकरण करती है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु



### एक बार रुक कर सोचें

जब आप वोट डालने जाएं तो एक बार रुक कर जरूर सोचें। यह देश आपकी जिम्मेदारी है। हमारा लोकतंत्र, हमारा संविधान आपके अधिकारों को मजबूत करने के लिए बना। आज भाजपा संविधान बदलने की बात कर रही है। कल को कौन जाने ये क्या करेंगे?


-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव



### किसी को भी खतरा

दरअसल, अमेरिकी कानूनी व्यवस्था में जनता के विश्वास को आज बहुत बड़ी क्षति पहुंचाई गई है। यदि एक पूर्व राष्ट्रपति को ऐसे मामूली मामले पर दोषी ठहराया जा सकता है-जो न्याय के बजाय राजनीति से प्रेरित है-तो किसी को भी खतरा है।

-एलोन मस्क, उद्योगपति



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


JioMart
Reliance
Growth is Life
मंथली ग्रोसरी शॉपिंग
सबसे कम दाम में, सिर्फ
JioMart 7MSD पे
MAX SAVING DAYS
7 MAX SAVING DAYS
1ST - 7TH JUN
₹100 का कैशबैक* पाएं
आपके पहले ऑर्डर पर
*T&C Apply
JioMart ऐप डाउनलोड कीजिए!
ऑफ़र यहाँ भी उपलब्ध
SMART BAZAAR
SMART SUPERSTORE
₹29/ kg भारत चावल 10 kg एमआरपी ₹290
अब उपलब्ध है
₹60/ kg भारत चना दाल 1 kg
फॉर्च्यून रिफाइन्ड राइस ब्रैन हेल्थ ऑयल 3 L + कोहिनूर चारमिनार सिलेक्ट बासमती चावल 5 kg
हमारा मूल्य ₹749 संयुक्त एमआरपी ₹1124 बचाइए ₹375
पॅरीज व्हाइट लेबल सल्फर फ्री चीनी 5 kg
हमारा मूल्य ₹219 (₹43.80 /kg) एमआरपी ₹300 बचाइए ₹81
गुड लाइफ कालीमंच कच्चा चावल 10 kg
हमारा मूल्य ₹699 (₹69.90 /kg) एमआरपी ₹960 बचाइए ₹261
गुड लाईफ दूबराज चावल 10 kg
हमारा मूल्य ₹629 (₹62.90 /kg) एमआरपी ₹750 बचाइए ₹121
आशीर्वाद शुद्ध गेहूं का आटा 10 kg
हमारा मूल्य ₹430 एमआरपी ₹504 बचाइए ₹74
टाटा सम्पन्न / गुड लाईफ अनपॉलीश दालें रेंज (संपूर्ण श्रेणी)
फ्लैट 25% छूट एमआरपी ₹64 या उससे अधिक हमारा मूल्य ₹48 या उससे अधिक
कैच मसाले श्रेणी
न्युनतम 20%* छूट *एमआरपी पर
गुड लाईफ बादाम / काजू (W320) 500 g
हमारा मूल्य ₹359/ ₹379 एमआरपी ₹549 / ₹499 बचाइए ₹190 / ₹120
किंग्स रिफाईन्ड सोयाबीन 870 g / सुपर सर्वोत्तम राइस ब्रान ऑयल 1 L
हमारा मूल्य ₹97/ ₹99 एमआरपी ₹140 ₹199 बचाइए ₹43 / ₹100
गोवर्धन गाय का शुद्ध घी 1 L
हमारा मूल्य ₹629 एमआरपी ₹699 बचाइए ₹70
ब्रिटानिया / पारले रस्क (चुनिंदा प्रकार)
न्युनतम 25% छूट एमआरपी ₹35 या उससे अधिक
बिस्किट्स लार्ज पैक 400 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 33% छूट एमआरपी ₹120 या उससे अधिक हमारा मूल्य ₹81 या उससे अधिक
मैगी 2 मिनट मसाला नूडल्स 832 g (16 का पैक)
बचाइए ₹30 एमआरपी ₹160 या उससे अधिक हमारा मूल्य ₹130 या उससे अधिक
टाटा अग्नी लीफ टी 1 kg
बचाइए ₹30 एमआरपी ₹200 या उससे अधिक हमारा मूल्य ₹170 या उससे अधिक
बॉर्नविटा शक्ती 750 g
बचाइए ₹125 एमआरपी ₹379 या उससे अधिक हमारा मूल्य ₹254 या उससे अधिक
पेप्सी / मिरिंडा / 7 अप 2.25 L (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 33% छूट एमआरपी ₹99 या उससे अधिक हमारा मूल्य ₹67 या उससे अधिक
क्लोजअप रेड / डाबर रेड / कोलगेट मैक्स्फ्रेश टूथपेस्ट 300 g (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 33% छूट एमआरपी ₹200 या उससे अधिक हमारा मूल्य ₹134 या उससे अधिक
पियर्स / डव / सॅवलॉन सोप 125 g या उससे अधिक (मल्टी पैक) (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 33% छूट एमआरपी ₹300 या उससे अधिक हमारा मूल्य ₹201 या उससे अधिक
डव / हेड ॲण्ड शोल्डर्स / पैन्टीन / सनसिल्क शॅम्पू 650 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 50% छूट एमआरपी ₹765 या उससे अधिक हमारा मूल्य ₹383 या उससे अधिक
डियो 135 ml या उससे अधिक / फेसवॉश 150 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 50% छूट एमआरपी ₹240 या उससे अधिक हमारा मूल्य ₹120 या उससे अधिक
प्रिल डिशवॉशर लिक्विड लाईम 1.5 L
बचाइए ₹171 एमआरपी ₹360 या उससे अधिक हमारा मूल्य ₹189 या उससे अधिक
सर्फ एक्सल ईजी वॉश डिटर्जेन्ट पाउडर 5 kg
बचाइए ₹150 एमआरपी ₹770 या उससे अधिक हमारा मूल्य ₹620 या उससे अधिक
लाइजोल फ्लोर क्लीनर 2 L + 500 ml / हार्पिक ऑरिजनल टॉयलेट क्लिनर 1 L x 2 युनिट्स + 500 ml (चुनिंदा प्रकार)
बचाइए ₹45 एमआरपी ₹450 या उससे अधिक हमारा मूल्य ₹405 या उससे अधिक
BOBCARD 10% Instant Discount
Minimum Transaction ₹1000 | Maximum Discount ₹500 | Valid Once Per Card | From 1st to 7th June 2024 | Only on JioMart.
Reliance Retail SBI card 10% INSTANT DISCOUNT WITH RELIANCE SBI CREDIT CARDS
Valid Once Per Card Per Month, Till 30 Jun '24. *T&C Apply
RuPay CREDIT
Scan to apply
sodexo Accepted here

## जैकेट के शेष

### इस गर्मी वनप्राणियों...

में ही जंगल के प्राकृतिक जल स्त्रोत सूख चुके थे। वन्यजीव पानी के लिए भटकते हुए रहवासी क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। पिछले दिनों डिहाईड्रेशन तथा हीट वेव के कारण कटघोरा वनमंडल में दो तेंदुआ तथा बालोद में नीलगाय की मौत हो गई थी। इसके साथ ही पिछले दिनों पानी की तलाश में जंगल से भटक कर आए एक चीतल की कचना के पास रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। जानकारों के मुताबिक तेज धूप तथा बढ़ते तापमान की वजह से सासर में भरा पानी तेजी से सूख रहा है। इसके लिए वन विभाग के फील्ड अफसरों को नियमित सासर की मॉनिटरिंग करने की जरूरत है। साथ ही जंगल में नियमित सासर में पानी भरने वन अफसरों को व्यवस्था करनी होगी।

### गर्मी का प्रचंड...

46-47 डिग्री तक दर्ज किया गया जा रहा है, जिसकी वजह से दर्जनभर क्षेत्रों में लगातार लू का अलर्ट जारी किया जा रहा है। लगातार पड़ रही गर्मी लोगों को बीमार कर रही है और थोड़ी सी लापरवाही होने पर मौत होने लगी है। गुरुवार को रायपुर और बिलासपुर में दो लोगों की मौत हुई थी और शुक्रवार को इन्हीं जिलों में पांच लोगों की भारी गर्मी की वजह से तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। इधर मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि अगले चौबीस घंटे में गर्मी से राहत मिलने की दूर तक संभावना नहीं है, क्योंकि आने वाली शुष्क और गर्म हवा को रोकने के लिए सिस्टम तैयार नहीं हुआ है। शुक्रवार को राज्य में गर्मी का दौर जारी रहा और सबसे अधिक 47.3 डिग्री तापमान रायगढ़ 46.9 डिग्री मुंगेली का दर्ज किया गया है।

### दो दिन से तबीयत...

अस्पताल पहुंचा, जहां डाक्टरों से उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह सिलतरा में रहकर काम करने वाले 34 वर्षीय संजय कुमार यादव दोपहर अपना काम निपटाने बाइक में घूम रहा था। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी। एक स्थान पर रुककर उसने पानी पीया और बेसुध हो गया। अस्पताल लाने पर उसे भी मृत घोषित कर दिया गया।

### खत्म हो सकता...

की गिरावट आने के आसार हैं। अगले चौबीस घंटे में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद कम है। सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर तथा दुर्ग संभाग के कुछ हिस्सों में ग्रीष्मलहर चलने की संभावना बनी हुई है।

### बिलासपुर, रायगढ़ और...

**बकरी चराने गया चरवाहा मिला मृत :** भीषण गर्मी के चलते ग्राम डोड़ा निवासी एक चरवाहे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुंगेली जिले के ग्राम डोड़ा निवासी भगत राम सप्रे पिता स्व. मूलक सप्रे उम्र 70 वर्ष 30 मई को सुबह 8 बजे घर से बकरी चराने गया था जहां खेत मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। चिकित्सकों ने मौत का कारण लू लगना बताया।

### सरिया में महिला-पुरुष...

क्रमांक 3 निवासी 55 वर्षीय सुपकेशी चौहान पति ध्रुव चौहान शाम 5 बजे खेत से काम करके लौटी और सो गई जिसके बाद उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि लू लगने के कारण उसकी मौत हुई है, हालांकि उसकी पीएम रिपोर्ट आना बाकी है।

## पेज एक के शेष

### आईआईएम में मंत्रियों का...

करने की रणनीति के संबंध में विस्तार से अपनी बातें साझा की। कहा कि बीते दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ा है और दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बनाने में सफल रहा है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 बनाने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने की रणनीति बनाई गई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी स्केल, स्पीड और इनोवेशन पर जोर देते हैं।

श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि बदलते अंतराष्ट्रीय परिदृश्य और समय को देखते हुए विकसित भारत का विजन तैयार किया गया है, ताकि भारत अपनी विशिष्ट जगह बना सके। उन्होंने कहा कि अब दुनिया की निगाहें ग्लोबल साउथ पर हैं। अब नजरिया पश्चिम से पूर्व की ओर देखने का है और भारत इन संभावनाओं को पूरा करने के लिए सक्षम है। भारत की जनांकिकी, भारत की रणनीतिक स्थिति और भारत में तेजी से हुए सुधारों से इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत तैयार है। चाहे डिजिटल इकानामी हो अथवा कर संबंधी सुधार हो। नवाचार को बढ़ावा देना हो, भारत इसमें अग्रणी रहा है और आने वाले समय में इन्हें तेजी से बढ़ाना है। विकसित भारत सबके लिए समृद्धि लेकर आये, इसके लिए कार्य करना है।

### राइस मिल एसोसिएशन के...

अग्रवाल के खरोरा के दो तथा रायपुर के एक ठिकाने पर छापा मारा है। इसके साथ ही ईडी की टीम ने दुर्ग में कैलाश रुंगटा के दो ठिकानों पर पड़ताल की।

### ये मौजूदा सियासी...

आम आदमी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 1-1 सीट पर जीत दर्ज की थी। भाजपा की सबसे ज्यादा सीटें यूपी की 13 सीटों में भाजपा को 9 सीटों और दो उसके सहयोगी अपना दल को मिली थी। जबकि दो सीटों पर बसपा ने जीत दर्ज की थी।

### अंतिम दौर में दागियों...

2-2, झामुमो अपना दल, सीपीआई(एम) और आरपीआई 1-1 प्रत्याशी के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। हालांकि सबसे ज्यादा 55 निर्दलीय प्रत्याशी भी दागियों की फेहरिस्त में शामिल है।

# आईएसएफ समर्थकों ने फेंका टीएमसी कार्यकर्ताओं पर बम, पांच लोग घायल

## मतदान से पहले बंगाल में हुई हिंसा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण से पहले बंगाल में हिंसा हुई है। दरअसल इंडियन सेक्युलर फ्रंट के समर्थकों ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर बम फेंक दिया। जिसके विस्फोट से पांच टीएमसी कार्यकर्ता घायल हो गए हैं। घटना दक्षिण 24 परगना जिले के भानगोर इलाके की है। बंगाल पुलिस ने शुक्रवार की इसकी जानकारी दी। हालांकि भानगोर से आईएसएफ विधायक नावेद सिद्दीकी ने आरोपों से इनकार किया है। नावेद सिद्दीकी ने उल्टा टीएमसी कार्यकर्ताओं पर आईएसएफ समर्थकों पर बम से हमला करने का आरोप लगाया। आईएसएफ विधायक ने कहा कि हमले में खुद टीएमसी के कार्यकर्ता घायल हो गए।

**आईएसएफ ने आरोपों से किया इनकार :** भानगोर विधानसभा, जादवपुर लोकसभा सीट के तहत आती है और यहां अंतिम चरण के तहत 1 जून को मतदान होना है। घटना गुरुवार रात की है, जब टीएमसी कार्यकर्ता कथित तौर पर चुनाव प्रचार के बाद अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान उन पर हमला हुआ। घायलों को कोलकाता के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बंगाल सरकार के मंत्री अरूप बिस्वास, जादवपुर से टीएमसी उम्मीदवार सयानी घोष और पार्टी के विधायक शौकत मोल्ला ने अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की।

### बंगाल की राजनीति में नई पार्टी है आईएसएफ

आईएसएफ पार्टी की स्थापना साल 2021 में अब्बास सिद्दीकी ने की थी। वहीं अब्बास सिद्दीकी के छोटे भाई नौशाद सिद्दीकी आईएसएफ के चेयरमैन हैं। अब्बास सिद्दीकी अली अकबर के बेटे हैं। अली अकबर फुरफुरा शरीफ छठो हुजूर के नाम से प्रसिद्ध पीर जुल्फिकार अली के बेटे हैं। यही वजह है कि बंगाल में सिद्दीकी परिवार की काफी इज्जत है। बंगाल का सिद्दीकी परिवार कभी टीएमसी समर्थक था, लेकिन अपनी पार्टी बनाने के बाद से आईएसएफ का टीएमसी के साथ तनातनी का रिश्ता बन गया है। आईएसएफ बंगाल में टीएमसी और भाजपा दोनों का विरोध करती है। पार्टी विधायक नौशाद सिद्दीकी को सीएम ममता बनर्जी का आलोचक माना जाता है।

# अमेरिका- ब्रिटेन ने किया हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल में हूती विद्रोहियों के हमलों में वृद्धि के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को यमन में ईरान समर्थित विद्रोही समूह के 13 ठिकानों पर हमला किया। अमेरिका के तीन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिका एवं ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों और अमेरिकी जहाजों ने कई भूमिगत ठिकानों, मिसाइल दागने वाले स्थलों, हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले स्थल, एक हूती जहाज और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

अधिकारी ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर इस सैन्य अभियान की जानकारी दी। अमेरिका ने यमन के हूती नियंत्रित क्षेत्रों में आठ मानवरहित हवाई यान पर भी हमला किया, जो अमेरिकी और उसकी साथी सेनाओं के लिए खतरा माने जा रहे थे।

### जहाजों को बनाया जा रहा निशाना

अमेरिका विद्रोहियों के ठिकानों को नष्ट करने के लिए लगभग रोजाना हमले कर रहा है, जिसमें जहाजों को निशाना बनाकर दागी जाने वाली मिसाइलों और ड्रोन हमले को रोकना भी शामिल है। हूती विद्रोहियों ने हाल के महीनों में लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले तेज किये हैं। विद्रोही इजराइल से गाजा में युद्ध की समाप्ति की मांग कर रहे हैं, जिसमें 36 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे गये हैं।

### गर्मी के कारण सिलेंडर में विस्फोट पांच लोग मरे

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में कथित तौर पर भीषण गर्मी के कारण एक गैस सिलेंडर में विस्फोट होने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 50 लोग घायल हो गए। घटना सिंध के हैदराबाद शहर में घटी जहां एक दुकान में रखे गैस सिलेंडर में भीषण गर्मी से विस्फोट हो गया।

**Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission**
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073568, Fax: 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;

**Vacancy Circular**

Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission, had published a notice for appointment of Chairperson in various Consumer Grievances Redressal Forums (CGRF) located at different places in Chhattisgarh State.

Detailed advertisement are available on the Commission's website www.cserc.gov.in. The last date for submitting the application for above post was **20.05.2024**, which is now extended upto **01/07/2024.**

The candidates who have already applied for the above post in response to this office advertisement dated 15/03/2024 & 23/04/2024 need not apply again. However, their candidature will be subject to fulfillment of their eligibility as on revised closing date for receipt of application.

"SAVE ELECTRICITY" SECRETARY

**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड, उरला**

**// बिजली बंद की सूचना //**

(संचा. / संधा.) संभाग छ.स्टे. पा. डि. कं. लिमि. उरला के अंतर्गत उपसंभाग उरला के समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आवश्यक रखरखाव एवं विस्तार कार्य हेतु 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र उरला से निकलने वाले विद्युत प्रवाह दिनांक 01.06.2024, दिन शनिवार को बंद रहेगा। आवश्यकता के अनुरूप समय में आंशिक परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | उपकेन्द्र / फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र/ उपभोक्ता | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 के. व्ही. एम. पी. मेटल | सेक्टर-सी, राजेश्वरी प्लॉस्टिक, गिरजा चौक, आर्शिवाद चौक, आर. बी.एस. चौक एवं आस-पास के क्षेत्र | 01.06.2024 दिन शनिवार | सुबह 09.00 से शाम 03.00 बजे |
| 2 | 11 के. व्ही. परफेक्ट | सी.एस.आई.डी. सी. आफिस, सुनील स्टील, हीरापोलिंग क्षेत्र, टेक्नो इण्ड, अछोली बस्ती, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अछोली एवं आस-पास के क्षेत्र | | |
| 3 | 11 के.व्ही गोंदवारा | सी.एस.आई.डी.सी. आफिस, विशाल ट्रांसफार्मर एवं आस-पास के क्षेत्र | | |
| 4 | 11 के.व्ही. रूरल | मेन रोड़ उरला, फिल्टर प्लांट उरला, बेंदरी रोड़, टण्डन कॉप्लेक्स, कन्हेरा रोड़, राजेन्द्र नगर एवं आस पास के क्षेत्र | | |
| 5 | 11 के. व्ही. बंशी | मित्तल धरमकांटा, गणपति इण्ड, नियर भारत एग्रो, अम्बे स्टी, एच. पी. पेट्रोल पंप, नया रिंग रोड़, तारपोलिन | | |

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़
असुविधा के लिए खेद है
कार्यपालन यंत्री (संचा० / संघा० ) संभाग छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि., उरला
टीप :- विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं० 1912 पर दर्ज कराएँ।
विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए
S-40259/1

## भारतवंशी ने जीता 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' का खिताब

**वाशिंगटन।** अमेरिका में फ्लोरिडा के सातवीं कक्षा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र बृहत सोमा ने 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' के टाईब्रेकर में 29 शब्दों का सही उच्चारण कर यह खिताब अपने नाम कर लिया और इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छोटे नस्ली समूह के बच्चों का दबदबा कायम रखा। बृहत बृहस्पतिवार को 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' में विजयी हुए और उन्होंने 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद एवं अन्य पुरस्कार अर्जित किए। इस साल की प्रतियोगिता टाईब्रेकर तक पहुंची, जिसमें बृहत ने 90 सेकंड में 29 शब्दों का सही उच्चारण करके फैजान जकी को हराया।

## सिसोदिया की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया और विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी रिमांड बढ़ा दी। न्यायाधीश ने ईडी से हाल में दायर आरोपपत्र की प्रति सिसोदिया और अन्य सह-आरोपियों को देने को भी कहा। न्यायाधीश ने मामले में इन आरोपियों के वकील को ईडी कार्यालय में दस्तावेज देखने के लिए एक महीने का समय दिया।

## बेंगलुरु के पैलेस ग्राउंड में कोंकणी उत्सव

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु के पैलेस ग्राउंड में स्थित किंग्स कोर्ट में 'कोंकणी उत्सव 2024' का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन समुदाय के विभिन्न पेशेवरों और व्यापारिक नेताओं द्वारा की गई एक पहल है। इस उत्सव का उद्देश्य पूरे कर्नाटक से कोंकणी भाषी लोगों को आकर्षित करना है। आमची कोंकणी' के संस्थापक ने पुष्टि की कि भोजन की व्यवस्था सहित अन्य तैयारियां अच्छी तरह से की जा रही है और हमें इस तीसरे वार्षिक आयोजन के लिए कर्नाटक के सभी जिलों से बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध HMS देखकर खरीदें 94060-21769

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के बारे और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्फुटी उठने पर, बूरे पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट — सिंघानिया स्किन केयर, 36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 — Makeover — मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी — डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोक्लियर इम्प्लांट एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल — डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) — फोन: 0771-4044551 — समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मो. 9977247553 — नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304 — 17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर — राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर — मो. 9039050422

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5528

**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

### शब्द पहेली- 5527 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | क | पू | र | ■ | अ | च | र | ज |
| ज | य | ■ | रा | ■ | क्षि | ति | ज | ■ | त | ला |
| ना | ■ | अ | मा | न | त | ■ | र | वा | ■ | व |
| न | सी | ह | | ■ | व | ह | ■ | म | का | न |
| खा | ■ | म | ■ | र | न | र | ■ | ■ | ल | ■ |
| ना | म | क | र | ण | ■ | स | ला | ह | का | र |
| ■ | हा | ■ | ■ | वी | रा | ना | ■ | र | ■ | ज |
| का | न | न | ■ | र | ज | ■ | | जा | प्र | त |
| म | ■ | र | ज | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ | प |
| का | र | ■ | ग | ज | रा | ■ | ज | ■ | प | ट |
| ज | न | म | त | ■ | ना | ट | क | का | र | ■ |

## सूडोकू नवताल - 5539

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5538 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

- पिछली तिमाही में 8.6 प्रतिशत रही थी दर
- वित्त वर्ष 2024 में 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी अर्थव्यवस्था
- चीन की आर्थिक वृद्धि दर मार्च तिमाही में 5 .3 प्रतिशत रही

### राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किया आंकड़ा

# देश की अर्थव्यवस्था ने भरी रफ्तार 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी जीडीपी

*देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही जो एक साल पहले की समान तिमाही में 6.2 प्रतिशत थी।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तुलना में मार्च तिमाही की वृद्धि रफ्तार में नरमी आई है। दिसंबर तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था 8.6 प्रतिशत की उच्च दर से बढ़ी थी। जीडीपी निश्चित अवधि में देश की भौगोलिक सीमा के भीतर उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में देश की जीडीपी 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

### एनएसओ ने अपना अनुमान सुधारा

वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत रही थी। एनएसओ ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी। आर्थिक मोर्चे पर भारत के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 प्रतिशत रही है।



### मूडीज ने जीडीपी दर बढ़ने का अनुमान बढ़ाया

मूडीज रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि और चुनाव के बाद नीतिगत निरंतरता रहने की उम्मीद पर भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वर्ष 2023 में 7.7 प्रतिशत बढ़ी थी, जबकि 2022 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर थी।

### उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल में गिरा

कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली को बुनियादी उद्योगों में गिना जाता है। इनकी देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सम्मिलित रूप से 40.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आंकड़ों से पता चलता है कि उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल में गिर गया जबकि कोयला, इस्पात और सीमेंट क्षेत्रों की वृद्धि दर में सुस्ती दर्ज की गई। कोयला उद्योग की वृद्धि दर नरम पड़कर 7.5 प्रतिशत रह गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 9.1 प्रतिशत थी।

### वृद्धि की गति जारी रहेगी : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि शानदार है और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी वृद्धि की गति जारी रहेगी। शुक्रवार को जारी हुए आंकड़ों के मुताबिक जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी या मार्च तिमाही में 7.8 प्रतिशत रह सकती है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में 2023-24 के दौरान 9.9 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जो इस क्षेत्र के लिए मोदी सरकार के प्रयासों की सफलता को दर्शाता है।

## मारुति सुजुकी का कर्ज उपलब्ध कराने डीबीएस से समझौता

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया ने अपने वितरकों को वित्तपोषण उपलब्ध कराने के लिए डीबीएस बैंक इंडिया के साथ समझौता किया है। वाहन विनिर्माण कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) देश भर में 3,863 से अधिक मारुति सुजुकी के शोरूम के लिए व्यापक वित्तपोषण विकल्पों को विस्तार देता है। अधिकारी पार्थो बनर्जी ने कहा, "यह साझेदारी देश भर में मारुति सुजुकी के व्यापक डीलर नेटवर्क को उनकी बढ़ती व्यावसायिक जरूरतों के अनुरूप अभिनव वित्तीय उत्पाद प्रदान करने की दिशा में एक कदम है।" डीबीएस बैंक इंडिया के प्रबंध निदेशक और (वैश्विक लेनदेन सेवाएं, एसएमई और संस्थागत देयता व्यवसाय) प्रमुख दिव्येश दलाल ने कहा कि बैंक एसएमई और घरेलू उपस्थिति के लिए अपने अग्रणी डिजिटल आपूर्ति श्रृंखला समाधानों का लाभ उठाएगा।


**ACRE** MAKING ASSETS WORK

**एसेट्स केयर एंड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज लिमिटेड**
**कॉर्पोरेट कार्यालय :** यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी – 66, जी – ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051 I टेलीफोन : 022 68643101
**पंजीकृत कार्यालय :** 14वीं मंजिल, इरोस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली – 110019
**ई–मेल : acre.arc@acreindia.in I वेबसाइट : www.acreindia.in I**
**CIN : U65993DL2002PLC115769**

**परिशिष्ट IV-A**
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई– नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **एसेट्स केयर एंड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज लिमिटेड [CIN: U65993DL2002PLC115769] (''सुरक्षित लेनदार द्वारा'')** जिसका **वास्तविक कब्जा** सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया जा चुका है, **20.06.2024** को **शाम 04.00 बजे से 05.00 बजे** तक सुरक्षित लेनदार को देय निम्नलिखित बकाया राशि की वसूली के लिए **''जहां है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है''**, के आधार पर बेचा जाएगा:

| क्र.सं. | ऋण खाता नंबर | 28.05.2024 तक बकाया राशि (रुपए में) |
|---|---|---|
| 1. | A001OIV (पुराना ऋण खाता नंबर HLAPRPR00215200) | रु. 1,06,59,152/- (रुपए एक करोड़ छह लाख उनसठ हजार एक सौ बावन मात्र) |
| 2. | M008OOX-01 (पुराना ऋण खाता नंबर HLAPRPR00135693) | रु. 82,64,934/- (रुपए बयासी लाख चौंसठ हजार नौ सौ चौंतीस मात्र) |
| 3. | M008OOX-02 (पुराना ऋण खाता नंबर HLAPRPR00172199) | रु. 81,00,416/- (रुपए इक्यासी लाख चार सौ सोलह मात्र) |
| | कुल | रु. 2,70,24,502/- (रुपए दो करोड़ सत्तर लाख चौबीस हजार पांच सौ दो मात्र) |

ऊपर दी गई तालिका में उल्लिखित राशियां सुरक्षित लेनदार के संबंधित ऋण खातों में **28.05.2024** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भविष्य के ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **29.05.2024** से प्रभावी जो उधारकर्ताओं **श्री. महेश आचार्य (प्रोपराइटर, मैसर्स आचार्य ब्रदर्स), श्री. रवीन्द्र कुमार आचार्य, कुमारी रंजना आचार्य, कुमारी मोना आचार्य, मैसर्स रोहितम (इसके भागीदारों के माध्यम से) और मैसर्स पायनियर एसोसिएट्स (इसके भागीदारों के माध्यम से)** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है।

पुराना ऋण खाता बेअरिंग नंबर **HLAPRPR00215200** के साथ ही सभी अधिकार, स्वामित्व, हित, अंतर्निहित सुरक्षा, गिरवी और/या गारंटी, अन्य बातों के साथ जिसमें सुरक्षित संपत्ति(याँ) शामिल है को इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (**''आईएचएफएल''**) द्वारा असाइनमेंट एग्रीमेंट दिनांक **31.12.2018** को इंडियाबुल्स एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (**''आईएआरसीएल''**) को सौंपा गया था, जिसे आईएआरसीएल द्वारा पुन: क्रमांकित किया गया था और उसे नया ऋण खाता क्रमांक **A001OIV** दिया गया। इसके अलावा, आईएचएफएल के साथ ऋण खाता नंबर **HLAPRPR00135693** और **HLAPRPR00172199** के साथ–साथ सभी अधिकार, स्वामित्व, हित, अंतर्निहित सुरक्षा, गिरवी और/या गारंटी भी आईएचएफएल द्वारा **30.09.2019** के असाइनमेंट एग्रीमेंट के तहत आईएआरसीएल को सौंप दी गई थी, जिन्हें आईएआरसीएल द्वारा पुन: क्रमांकित किया गया था और क्रमश: ऋण खाता क्रमांक **M008OOX-01** और **M008OOX-02** दिया गया है। उक्त सभी ऋण खाते आईएआरसीएल द्वारा **एसेट्स केयर एंड रीकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज लिमिटेड (''सुरक्षित लेनदार'')** को सौंपे गए हैं, जो दिनांक **26.04.2021** के असाइनमेंट एग्रीमेंट के तहत **एसीआरई–102–ट्रस्ट के ट्रस्टी** के रूप में कार्य कर रहा है।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 2,15,00,000/- (रुपए दो करोड़ पन्द्रह लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (**''ईएमडी''**) **रु. 21,50,000/- (रुपए इक्कीस लाख पचास हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**मकान नंबर एचआईजी–24, सेक्टर–II, शंकर नगर रायपुर, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, जिसका माप पूर्व की तरफ उत्तर से दक्षिण तक 15.15 मीटर है, पश्चिम की तरफ उत्तर से दक्षिण 16.30 मीटर है, उत्तर की तरफ पूर्व से पश्चिम 26.20 मीटर है, दक्षिण की तरफ पूर्व से पश्चिम 27.35 मीटर है, जो निम्नानुसार सीमाबद्ध है:**
**पूर्व की तरफ : सड़क** — **उत्तर की तरफ : एचआईजी – 25**
**पश्चिम की तरफ : एमआईजी क्वार्टर** — **दक्षिण की तरफ : एचआईजी – 23**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.acreindia.in देखें; संपर्क का नंबर: 0124-6910910, +91 7065451024; ई–मेल आईडी: auctionhelpline@indiabulls.com। बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें

सही/–
प्राधिकृत अधिकारी
एसेट्स केयर एंड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज लिमिटेड
एसीआरई–102 ट्रस्ट के ट्रस्टी

दिनांक : 28.05.2024
स्थान : रायपुर



**पूर्व तट रेलवे**

(1)निविदा सूचना सं.eT-BR-WAT-16-2024, दिनांक: 22.05.2024
**कार्य का नाम:** सहायक मण्डल अभियन्ता/पुल/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन KK-II लाइन में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पुल/जगदलपुर सेक्शन के अधीन पुल कार्य के निष्पादन हेतु 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए ब्रिज जोनल (स्टील कार्य) ठेका।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 80,77,446.75, EMD(रुपये में): 1,61,600/- ।

(2)निविदा सूचना सं.eT-BR-WAT-17-2024, दिनांक : 22.05.2024
**कार्य का नाम:** सहायक मण्डल अभियन्ता/पुल/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन नूआपड़ा-गुणुपुर NG लाइन में एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पुल/विजयनगरम सेक्शन के अधीन पलासा-विजयनगरम मेन लाइन, लड्डा-विजयनगरम RV लाइन में 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए पुल कार्य के निष्पादन हेतु ब्रिज जोनल (स्टील कार्य) ठेका।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 80,30,102.34, EMD(रुपये में): 1,60,600/- ।

(3)निविदा सूचना सं.eT-BR-WAT-18-2024, दिनांक : 22.05.2024
**कार्य का नाम:** सहायक मण्डल अभियन्ता/पुल/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन MYD यार्ड लाइन में एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पुल/वाल्टियर सेक्शन के अधीन कोरुकोंडा-विशाखापट्टनम-दुव्वाडा मेन लाइन में 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए पुल कार्य के निष्पादन हेतु ब्रिज जोनल (स्टील कार्य) ठेका।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 56,93,326.70, EMD(रुपये में): 1,13,900/- ।

(4)निविदा सूचना सं.eT-BR-WAT-19-2024, दिनांक : 22.05.2024
**कार्य का नाम:** सहायक मण्डल अभियन्ता/पुल/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन KK-I लाइन में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पुल/अरकु के अधीन 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए पुल कार्य के निष्पादन हेतु ब्रिज जोनल (स्टील कार्य) ठेका।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 62,78,252.26, EMD(रुपये में): 1,25,600/- ।

(5)निविदा सूचना सं.eT-BR-WAT-20-2024, दिनांक : 22.05.2024
**कार्य का नाम:** सहायक मण्डल अभियन्ता/पुल/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन RV लाइन में थेरुवालि-लड्डा सेक्शन एवं KR लाइन में दामनजोड़ि-सिंगापुर रोड में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पुल/रायगड़ा सेक्शन के अधीन 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए पुल कार्य के निष्पादन हेतु ब्रिज जोनल (स्टील कार्य) ठेका।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 51,38,140.30, EMD(रुपये में): 1,02,800/- ।

कार्य पूरा होने की अवधि: 12 (बारह) महीने (सभी क्रम. सं. हेतु)।
**निविदा बंद होने की तिथि व समय:** दिनांक 14.06.2024 को 1500 बजे (क्रम. सं. 1, 2, 4 एवं 5 हेतु) एवं दिनांक 14.06.2024 को 1530 बजे (क्रम. सं. 3 हेतु)।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।
वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता (पुल)/वाल्टियर
PR-155/P/24-25


## कीट डीम्ड विश्वविद्यालय का विशेष दीक्षांत समारोह



**भुवनेश्वर।** केआईआईटी, कीट डीम्ड विश्वविद्यालय के विशेष दीक्षांत समारोह में प्रेरक भाषणों और संस्थान की उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता दी गई। भारत में मंगोलिया के राजदूत गनबोल्ड डंबजय सहित प्रतिष्ठित वक्ताओं ने शिक्षा और महिला सशक्तिकरण में विश्वविद्यालय के योगदान की सराहना की। हर साल, केआईआईटी डीयू में पढ़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए एक विशेष दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाता है।

मंगोलिया के राजदूत गनबोल्ड डंबजय ने महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयासों के लिए कीट-कीस और कीम्स की सराहना की। वहीं, केआईआईटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अशोक परीजा ने छात्रों की उपलब्धियों के बारे में कहा कि हमारे छात्रों ने शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कीट और कीस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत के अथक समर्पण को कीट की सफलता के पीछे प्रेरक शक्ति बताया और छात्रों से चुनौती को स्वीकार करने अपनी आकांक्षाओं में साहसी बनने और अपने कार्यों में दयालु बनने का आग्रह किया।

## रिलायंस, टाटा समूह 'टाइम' की सबसे प्रभावशाली कंपनियों में शामिल


**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा समूह को प्रतिष्ठित पत्रिका 'टाइम'' की वर्ष 2024 की दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली कंपनियों की सूची में जगह मिली है। टाइम की सूची में रिलायंस को दूसरी बार जगह दी गई है। समूह की डिजिटल संपत्तियों को रखने वाली फर्म जियो प्लेटफॉर्म्स को 2021 में आई पहली टाइम 100 सबसे प्रभावशाली कंपनियों की सूची में शामिल किया गया था। टीका विनिर्माता सीरम इंस्टिट्यूट इस सूची में शामिल एक अन्य भारतीय कंपनी है। टाइम ने रिलायंस को 'टाइटन' श्रेणी में सूचीबद्ध किया है। सूची की पांच श्रेणियों में लीडर, डिसरप्टर, इनोवेटर और पायनियर भी शामिल हैं। टाटा को भी 'टाइटन'' श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है जबकि सीरम इंस्टिट्यूट को ''पायनियर'' श्रेणी में जगह दी गई है।

## बीओआई की 666 दिन की एफडी योजना शुरू

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India Relationships beyond banking.

**मुंबई।** भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में एक बैंक ऑफ इंडिया ने '666 दिन-फिक्स्ड डिपॉजिट' लॉन्च किया है, जो 2 करोड़ रुपये से कम की जमा राशियों पर 666 दिनों के लिए अति वरिष्ठ नागरिकों को 7.95% प्रति वर्ष तक की अत्यंत आकर्षक ब्याज दर प्रदान कर रहा है। इस '666 दिन-सावधि जमा' पर वरिष्ठ नागरिकों को 7.80% प्रति वर्ष मिलेगा एवं अन्य को 7.30% प्रति वर्ष तक का उच्चतम ब्याज मिलेगा। सभी नागरिक बैंक ऑफ इंडिया की 666 दिन-सावधि जमा खाता खोलकर इस आकर्षक निवेश के अवसर का लाभ उठा सकते हैं। 2 करोड़ रुपये से कम की जमा राशि के लिए इच्छुक खुदरा ग्राहकों के लिए यह सावधि जमा, आकर्षक ब्याज के साथ बैंक की सर्वश्रेष्ठ वित्तीय उत्पाद प्रदान करने की प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करता है। संशोधित ब्याज दरें रुपये में घरेलू, एनआरओ और एनआरई सावधि जमा के लिए लागू हैं जो 1 जून 2024 से प्रभावी हैं।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर संजीवनी कैंसर केयर में जागरूकता कार्यक्रम




**रायपुर।** हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप से मनाया जाता है। इसी कड़ी में संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन ने तंबाकू के उपयोग के हानिकारक और घातक प्रभावों और सेकेंड हैंड स्मोक एक्सपोजर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ किसी भी रूप में तंबाकू के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए 31 मई शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन के फाउंडर एवं सीनियर कैंसर सर्जन डॉ यूसुफ मेमन, डॉ. विकास गोयल, डॉ अनिकेत ठोके, डॉ अर्पण चतुर्मोहता, डॉ दिवाकर पांडे, डॉ राकेश मिश्रा, डॉ रमेश कोठारी एवं डॉ सतीष देवांगन, डॉ अविनाश तिवारी ने लोगों को तंबाकू सेवन के गंभीर हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया।

डॉ. युसूफ मेमन ने बताया कि तंबाकू के सेवन से भारत में हर साल 13 लाख से अधिक मौतें होती हैं, जो प्रतिदिन 3500 मौतों के बराबर है। तम्बाकू से होने वाली मौतों और बीमारियों के अलावा देश के आर्थिक और सामाजिक विकास पर भी प्रभाव पड़ता है।

उन्होंने आगे कहा कि न केवल तंबाकू का उपयोग कई प्रकार के कैंसर और बीमारियों के लिए एक प्रमुख जोखिम कारक है, बल्कि धूम्रपान करने वाले स्वयं अकेले नहीं हैं जिन्हें तंबाकू के धुएं से कैंसर हो सकता है। उनके आसपास के लोग, जिनमें उनके बच्चे, साथी, दोस्त, सहकर्मी और अन्य लोग शामिल हैं, सेकेंड हैंड धूम्रपान के शिकार हो जाते हैं।

## सोने में 50 रुपए की तेजी, चांदी 500 रुपए टूटा




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 50 रुपये की बढ़त के साथ 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत 500 रुपये टूटकर 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही। बृहस्पतिवार को यह 96,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने की कीमत (24 कैरेट) 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही, जो पिछले बंद भाव से 50 रुपये अधिक है। विदेशी बाजारों में, कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,341 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर अधिक है। गांधी ने कहा कि शुक्रवार को सोने में थोड़ी तेजी आई। इसका कारण अमेरिका में पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़े को लेकर निराशा है, जो अर्थव्यवस्था में नरमी का संकेत देता है। हालांकि, चांदी की कीमत 31.20 डॉलर प्रति औंस रही। पिछले कारोबारी सत्र में यह 31.65 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था।

## अदाणी समूह का मुनाफा 2023-24 में 55 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी समूह का मुनाफा मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में 55 प्रतिशत बढ़ा। इसके साथ ही समूह ने अगले दशक में 90 अरब अमेरिकी डॉलर के पूंजीगत निवेश की योजना बनाई है। अमेरिकी निवेश कंपनी हिंडनबर्ग की एक रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों से उबरकर समूह की सूचीबद्ध कंपनियों ने 2023-24 में कर्ज को नियंत्रित करने, संस्थापक के गिरवी शेयरों में कमी करने और कारोबार को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया। शेयर बाजार के आंकड़ों और विश्लेषकों के अनुसार बीते वित्त वर्ष में समूह की सूचीबद्ध कंपनियों ने 30,767 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

यह आंकड़ा इससे पिछले वित्त वर्ष में 19,833 करोड़ रुपये था।

एनएमडीसी
NMDC

**जिम्मेवार खनन**
वैज्ञानिक | सुस्थिर | खुशियाँ बिखेरते हुए

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए लेखापरीक्षित एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

भारतीय रुपए-करोड़ में

| क्र. सं. | विवरण | एकल: समाप्त तिमाही 31-मार्च-2024 लेखापरीक्षित | एकल: समाप्त तिमाही 31-दिसम्बर-2023 अलेखापरीक्षित | एकल: समाप्त तिमाही 31-मार्च-2023 लेखापरीक्षित | एकल: समाप्त वर्ष 31-मार्च-2024 लेखापरीक्षित | एकल: समाप्त वर्ष 31-मार्च-2023 लेखापरीक्षित | समेकित: समाप्त तिमाही 31-मार्च-2024 लेखापरीक्षित | समेकित: समाप्त तिमाही 31-दिसम्बर-2023 अलेखापरीक्षित | समेकित: समाप्त तिमाही 31-मार्च-2023 लेखापरीक्षित | समेकित: समाप्त वर्ष 31-मार्च-2024 लेखापरीक्षित | समेकित: समाप्त वर्ष 31-मार्च-2023 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 6,475.27 | 5,409.90 | 5,851.37 | 21,293.81 | 17,666.88 | 6,489.31 | 5,409.90 | 5,851.37 | 21,307.85 | 17,666.88 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर, विशिष्ट तथा / अथवा असाधारण मदों, बंद चालनों से पूर्व) | 2,435.14 | 2,252.28 | 2,048.46 | 8,295.45 | 6,400.25 | 2,388.73 | 2,229.69 | 2,048.34 | 8,234.81 | 6,409.34 |
| 3 | अवधि के लिए कर से पूर्व निवल लाभ / (हानि) (विशिष्ट तथा / अथवा असाधारण मदों बंद प्रचालनों के पश्चात) | 2,404.94 | 1,999.51 | 3,285.48 | 8,011.98 | 7,636.61 | 2,358.53 | 1,976.92 | 3,285.36 | 7,951.34 | 7,645.70 |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ /(हानि) (विशिष्ट तथा / अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 1,462.03 | 1,492.32 | 2,277.06 | 5,631.89 | 5,528.63 | 1,415.62 | 1,469.73 | 2,276.94 | 5,571.25 | 5,537.72 |
| 5 | सहायक कंपनी / जेवी के लाभ/(हानि) का हिस्सा | - | - | - | - | - | (5.84) | 11.99 | (5.36) | (0.38) | 64.84 |
| 6 | अनियंत्रणकारी ब्याज (लाभ) / हानि | - | - | - | - | - | (2.89) | (2.21) | 0.05 | (4.19) | 1.10 |
| 7 | कर, अनियंत्रणकारी ब्याज तथा सहायक / जेवी कंपनी के लाभ / हानि के अंश के पश्चात निवल लाभ / (हानि) | 1,462.03 | 1,492.32 | 2,277.06 | 5,631.89 | 5,528.63 | 1,412.67 | 1,483.93 | 2,271.53 | 5,575.06 | 5,601.46 |
| 8 | अवधि के लिए कुल समेकित आय {अवधि के लिए (कर पश्चात) लाभ / (हानि) सहित तथा अन्य समेकित आय (कर पश्चात)} | 1,402.12 | 1,499.59 | 2,300.63 | 5,593.79 | 5,558.30 | 1,363.46 | 1,481.10 | 2,313.96 | 5,553.03 | 5,706.43 |
| 9 | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु.1) | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 |
| 10 | अन्य इक्विटी (तुलन पत्र के अनुसार पुनर्मूल्यांकित आरक्षिती को छोडकर) | | | | 25,112.71 | 22,039.24 | | | | 25,362.83 | 22,327.76 |
| 11 | नेट वर्थ | | | | 25,405.78 | 22,332.31 | | | | 25,672.91 | 22,635.06 |
| | प्रति शेयर अर्जन (प्रत्येक रु.1/- का) | | | | | | | | | | |
| 12 | मूल (रुपए मे) | 4.99 | 5.09 | 7.77 | 19.22 | 18.86 | 4.82 | 5.06 | 7.75 | 19.02 | 19.11 |
| 13 | डाइल्यूटेड (रुपए मे) | 4.99 | 5.09 | 7.77 | 19.22 | 18.86 | 4.82 | 5.06 | 7.75 | 19.02 | 19.11 |

**टिप्पणियां :**

1. उपर्युक्त सेवी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 के नियम 33 के अधीन स्टॉक एक्सचेंज में दायर किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत फार्मेट का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण फार्मेट स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.nseindia.com and www.bseindia.com) तथा कंपनी की वेबसाइट www.nmdc.co.in पर उपलब्ध हैं।
2. गत अवधि के आंकडे आवश्यकतानुसार पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं।

स्थान : हैदराबाद
दिनांक : 27 मई 2024

सर्वोत्तम
45.02 मि.टन लौह अयस्क — उत्पादन
44.48 मि.टन लौह अयस्क — बिक्री

एनएमडीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता/- (अमिताभ मुखर्जी)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), निदेशक (वित्त) डीआईएन नं. 08265207

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजी.कार्यालय : 10-3-311/ए, 'खनिज भवन', कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028
सीआईएन : L13100TG1958GOI001674

nmdclimited    ज़िम्मेवार खनन    www.nmdc.co.in

# मलाइका -अर्जुन ने किया ब्रेकअप...




**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर बहुत सालों से रिलेशनशिप में थे। दोनों बॉलीवुड के पसंदीदा कपल में से एक थे। हालांकि, अब दोनों के अलग होने की खबरें सामने आ रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा ने एक दूसरे से ब्रेकअप कर लिया है। बहुत से सूत्रों ने यह कंफर्म किया है कि मलाइका और अर्जुन, दोनों ने ही, सम्मानजनक तरीके से अपनी-अपनी राहें अलग कर ली हैं। सूत्रों ने बताया कि इस रिलेशनशिप ने अपना कोर्स पूरा कर लिया था और दोनों इस स्थिति से सम्मानजनक तरीके से निपटेंगे। एक सूत्र ने बताया कि मलाइका और अर्जुन के बीच बेहद स्पेशल रिलेशनशिप था और दोनों एक दूसरे के दिल में एक खास जगह बनाए रखेंगे। दोनों ने सहमति से अलग होने का फैसला लिया है। दोनों किसी को भी इस रिश्ते के बारे में किसी भी तरह की टिप्पणी करने की अनुमति नहीं देंगे।

## मजबूत हौसलों के साथ पार कर ली जिंदगी की हर मुश्किल

# मानसिक तनाव का शिकार होने पर भी नहीं हारी हिम्मत

*मुंबई। कहा जाता है कि अभिनय की चकाचौंध दुनिया केवल दिखावे के लिए ग्लैमर की दुनिया है। सितारों को अपने फैंस के सामने हमेशा खुश रहने की कोशिश करनी पड़ती है, लेकिन निजी जिंदगी में वे कई परेशानियों से जूझ रहे होते हैं। कभी-कभी ये सितारे अपनी जिंदगी में इतने तनाव में आ जाते हैं कि आत्महत्या करने जैसा बड़ा कदम उठा लेते हैं। कई बार सितारे अपनी परेशानियों का हल खुदकुशी को समझ लेते हैं। वहीं, कुछ सितारे हिम्मत नहीं हारते और इस तनाव से बाहर आ जाते हैं। ऐसे में चलिए आज हम आपको बताते हैं उन सितारों के बारे में, जिन्होंने हालात के सामने घुटने नहीं टेके और डिप्रेशन से जंग जीत ली...*

### इमरान खान



इस लिस्ट में सबसे पहले बात करते हैं बॉलीवुड अभिनेता इमरान खान की। इमरान खान ने खुलासा किया कि कुछ साल पहले तक वे डिप्रेशन का शिकार थे और इसकी वजह से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, उन्होंने दोस्तों और परिवार की मदद से इससे बाहर निकलने की कोशिश की और आखिरकार वे इसमें कामयाब भी हुए। अब वे अपनी जिंदगी के बारे में कुछ किस्से फैंस के साथ साझा करते हैं।

### शाहरुख खान



शाहरुख खान का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। हालांकि, फैंस को लगता है कि उनकी जिंदगी में कोई मानसिक उलझन नहीं होगी, लेकिन यह सच नहीं है। शाहरुख भी डिप्रेशन का सामना कर चुके हैं। उन्होंने एक साक्षात्कार के दौरान इस बात का खुलासा करते हुए बताया था कि एक बार उनके कंधे में चोट लग गई थी, जिसके बाद उन्हें सर्जरी कराना पड़ी थी। इसी दौरान वे डिप्रेशन का शिकार हो गए थे।

### अमिताभ बच्चन



हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। बिग बी की जिंदगी में डिप्रेशन, तब आया, जब वे प्रोड्यूसर बने और उन्होंने सारा पैसा अपनी कंपनी एबीसीएल को दे दिया। लगातार फ्लॉप फिल्मों के बाद अमिताभ दिवालिया हो गए और डिप्रेशन में चले गए। हालांकि, उन्होंने हालात से जंग लड़ी और तनाव से बाहर आए।


### दीपिका पादुकोण



इस लिस्ट में अगला नाम बॉलीवुड की हॉट अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का है। दीपिका पादुकोण ने भी इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया था कि वे एक बार डिप्रेशन का शिकार हो गई थीं। तनाव की वजह से उनके दिमाग में खुदकुशी करने जैसे ख्याल भी आने लगे थे। इसके बाद उनकी मां उज्ज्वला पादुकोण ने उन्हें इस मुश्किल भरे दौर से निकालने में मदद की थी।

## 73 की उम्र में केदारनाथ व ब्रदीनाथ की यात्रा पर निकले

**मुंबई।** सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों फिल्मों के साथ-साथ आध्यात्म पर जोर दे रहे हैं। बीते दिनों उन्होंने हिमालय की आध्यात्मिक यात्राएं कीं, और अब वह पवित्र गुफाओं की यात्रा की योजना बना रहे हैं। 73 साल के रजनीकांत केदारनाथ और ब्रदीनाथ धाम की यात्रा पर निकले हैं। वह चेन्नई से उत्तराखंड के देहरादून पहुंचे। वहां एयरपोर्ट पर उन्होंने आध्यात्मिक यात्राओं के बारे जानकारी दी है। न्यूज एजेंसी से बातचीत में रजनीकांत ने कहा, 'पूरी दुनिया को आध्यात्मिकता की जरूरत है, क्योंकि यह हर इंसान के लिए महत्वपूर्ण है। आध्यात्मिक होने का मतलब है शांति और सुकून का अनुभव करना और मूल रूप से इसमें ईश्वर में विश्वास करना शामिल है। हर साल में अपनी आध्यात्मकि यात्राओं से एक एक अलग और नया अनुभव प्राप्त करता हूं।'



---

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

**प्रवेश प्रारंभ**
**श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी**

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |

**Paramedical Course**
Lab tech, OT tech,X-Ray tech & Ortho tech-30 Seats Each Course

| Pharmacy Course | Duration |
|---|---|
| D Pharmacy | 2 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass , Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

क्लीनिकल सुविधा
**श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल**
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9691825979, 8435018884

कोटा पर सर्कल मोनो आवश्य देखें।
**कोटा स्टडी सर्कल®**
भिलाई/रायपुर



जागृति प्रजापति 615/720

**NEET, IIT-JEE PET/PAT**

विशेषताएं
- कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
- हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के प्रथक प्रथक बैचस
- गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग होस्टल

**रायपुर कोटा सेंटर**
राजकुमार कॉलेज के सामने जीई रोड रायपुर
9301547784

**भिलाई कोटा सेंटर**
बिल्डिंग नं. 150
न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
9098534927

## Appointment आवश्यकता

### टीचर

**आवश्यकता है-** लेडी वाईस प्रिंसीपल, इंचार्ज, क्लर्क, अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम में- साइंस, मैथ्स, फिजीक्स, केमिस्ट्री, बायो, सोशल साइंस, इंगलिश, इकोनॉमिक्स एकाउंट पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर, आया की आवश्यकता हैं। **साक्षात्कार 05-06-2024 प्रातः 9:30 बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा. से. स्कूल, पानी टंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855.** (RO-7480)

### सेल्सऑफिसर/सर्वेयर

**आवश्यकता है-** SR DEAL DYNAMICS RAIPUR OFFICE हेतु सेल्स ऑफिसर- .15 Post (लड़के/ लड़कियां), वेतन- 15000 से 25000, सर्वेयर - 10 पोस्ट (केवल लड़कियां), वेतन- 10,000 से 20,000 (रहना + खाना फ्री ) **संपर्क- 8962527446.** (RO-6258)

### कुक

**आवश्यकता है-** कुक चाहिए देवेंद्र नगर सेक्टर 5E/ 176 में खाना बनाने हेतु अनुभवी महिला कुक की आवश्यकता है रहने की व्यवस्था है **मोबाइल - 9826136230.** (RO-6257)

### स्टाफ/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** स्टाफ कम ड्राइवर चाहिए विधान सभा के 5 किलोमीटर रहने वाले को प्राथमिकता वेतन 15000/- से 20000/- मासिक आधार कार्ड/ लाइसेंस के साथ मिले हमाली कार्य करने के लिए 5 मजदुर जो ठेके से काम करें। **कन्हैया लाल संतोष कुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डु मोबाइल - 7725800600, 9826141178.** (RO-6260)

### देख- रेख

**आवश्यकता है-** कैलाश नगर तितुरडीह दुर्ग रेलवे स्टेशन के पीछे में होम केयरटेकर की आवश्यकता है योग्यता 12th पास **संपर्क 98268-03721.** (आरो न.-1097)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समैन की आवश्यकता है. **मोबाइल 7067048454.** (RO-6260)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार, **संपर्क करें- राधा इंटरप्राइजेस, संजय गांधी चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, मोबाइल नंबर- 9425504853.** (RO-4422)

छोटा विज्ञापन

**आवश्यकता है-** रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु पुरुष महिला एवं टैली ऑपरेटर (फीमेल) की **संपर्क करें राजेश होजियरी फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर 1 पंडरी रायपुर- 9407923601, 9425208201.** (RO-4421)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ड्राइवर की जो की ऑटोमैटिक और मैनुअल कार चला सके, 5-10 साल का अनुभव होना चाहिए, ड्यूटी टाइम **सुबह 8:30 - शाम 7:30 तक रहेगा। वेतन योग्यतानुसार स्थान: मेट्रो हाइट सोसायटी, तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क:- 7024416652.** (RO-2779)

**आवश्यकता है-** 4 ड्राइवर एवं हेल्पर की अशोक लीलैंड दोस्त गाड़ी से माल डिलीवरी करने के लिए **संपर्क पता:- रिलायंस पेट्रोल पंप के पास गोंदवारा भनपूरी मोबाइल नंबर:- 07772016666.** (RO-2778)

### ऑफिस/फील्ड कार्य

**आवश्यकता है-** कोरियर में आंफिस कार्य, फिल्ड में डिलिवरी और टाटाएस चलाने के लिए लड़को की आवश्यकता है। **श्रीमारूती कोरियर वालफोर्ट गेट के सामने रिंगरोड1 कुशालपुर रायपुर बायोडाटा लावे 9399676408.** (RO-97)

क्लासीफाईड

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** अल्फा सिक्योरिटी में 12 घंटे ड्यूटी करने के हेतु 100 गार्ड की आवश्यकता है। **संपर्क करें मो -70447-10812, 80550-17111** (D-560)

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** खरोरा व दोन्दे स्थित पेवर व ब्रिक निर्माता कंपनी को सुपरवाइजर की (योग्यता12 पास) 2-पद एवं कंप्यूटर (basic knowledge ) सुपरवाइजर (युवक/युवती) 2-पद की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध **सम्पर्क करें: 9301432563.** (RO-97)

### सेल्समैन/अकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** युवराज मार्बल एंड ग्रेनाइट में सेल्समैन -2पद, योग्यता 12वी पास , अनुभवी को प्राथमिकता **पता- धमधा नाका ओवर ब्रिज के पास दुर्ग मो- 88788-46666.** (Ro-489)

**आवश्यकता है-** रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पंप विक्रय हेतु सेल्समेन की आवश्यकता है, **सम्पर्क: निर्मल सेल्स, मो. 9300659227, 7566578910.** (RO-7478)

**आवश्यकता है-** प्लाईवुड हार्डवेयर शोरूम के लिए निम्न पदों पर अनुभवी विवाहित मेल फिमेल अकाउंटेंट 2 सेल्समेन 2 लेबर 2योग्यतानुसार वेतन 4से5 अंको में **प्लाईरंज ग्रीन चौक पेट्रोल पम्प के पीछे दुर्ग संपर्क 11 से 1 बजे मो.- 94252-37341.** (Ro-494)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** नर्सिंग स्टाफ-3, OT नर्स/ ब्रदर-1 एवं OT Technician-1 की आवश्यकता है Salary अनुभव के आधार पर (Rs 10000 से 20000) CV के साथ **सम्पर्क करें- अग्रवाल प्लास्टिक सर्जरी सेंटर, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ि नाका, रायपुर** Mob- 9575042809 (10am से 7pm) (Ro-35298)

### सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** ज्वैलरी शॉप में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल्स, एक बॉय की आवश्यकता है **संपर्क करें:- ओम ज्वैलर्स शॉप नं. 64बी इंदिरा मार्केट दुर्ग।** (आरो नं.-6339 )

छोटा विज्ञापन

### सुपरवाइजर/इंजीनियर

JOB VACANCY- Required at Bhilai Steel Plant/NSPCL area Bhilai under Contracts Works. Civil Diploma-10 Post,Accountant-2 Post, HR- 2 Post, Driver-3 Post JCB/Tipper/Pickup Contacts : -TABS Associates, Email : tabsassociates@gmail.com Cell :- **75870-95237.** (आरो नं.-6336)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु 10वी पास युवकों की जो बाहर जाकर काम कर सके। सैलरी- 10,000 +कमीशन +बोनस +आवास फ्री, ट्रेनिंग के बाद कमाए 25,000 से 30,000 महीने मे। **संपर्क:- 8180068616, 9171336699.** (RO-2746)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** सुमित बाजार के नए प्रतिष्ठान में काम करने के लिए लडके और लडकी की आवश्यकता है सुमीत बाजार **,न्यू कोमल ज्वेलर्स के पास लिंक रोड पावर हाउस भिलाई - 92293-93942.** (Ro-495)

### मार्केटिंग/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रॉनिक सामान की मार्केटिंग कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है, सैलरी + कमिशन 9000/- से 15000/- महीना, वेतन योग्यताअनुसार **संपर्क करें- 8962274079, 7749818444.** (RO-6259)

**आवश्यकता है-** RS ट्रेडर्स एंड पावर टूल्स हेतु कंप्यूटर कर्मी जिसे टैली का अनुभव हो एवं मार्केटिंग सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें प्रकाश स्विमिंग पूल के पास पचमढ़ी नाका मोबाइल नंबर:- 9300297203..** (RO-2777)

### सर्वेक्षण

**पन्ना पम्पस् & भूजल सर्वे-** कृषि घरेलू प्लाट, मकान, फैक्ट्री इत्यादि स्थलों में बोरवेल हेतु पानी जांच एवं सर्व वास्तु समस्या दोष निवारण कार्य (विगत 35 वर्षों से) **सम्पर्क -78692-39984 पन्ना लाल चन्द्राकर सिकोला बस्ती दुर्ग** (Ro-492)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### लेबर

**आवश्यकता है-** तुरंत आवश्यकता है राजनांदगांव के पास फार्म में ही रह कर काम करने के लिए परमानेंट लेबरों की। (नोट–परिवार सहित रहने वालों को प्राथमिकता)। **संपर्क - 77229-16130.** (Ro-490)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** देवास, रीवा में रहकर ऑफिस कार्य हेतु 10वी से ग्रेजुएट अविवाहित युवकों की आवश्यकता है वेतन 10000 रहना खाना, रेल टिकट फ्री, ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 **सम्पर्क- 7879951040, 7647803413.** (RO-34316)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 7003467406, 9883460031.** (RO-230)

**आवश्यकता है-** AIRPORT कम्पनी द्वारा डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th ग्रेजुएट (लड़के लड़किया) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर ग्राउंड स्टॉफ क्लर्क चेकर लोडर गार्ड इलेक्ट्रीशियन ड्राईवर, हैल्पर, 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस रहना खा ना फ्री.**7495042110.** (RO-2393)

### Medical चिकित्सा

**आयुर्वेदिक-** बैगा द्वारा छत्तीसगढ़िया उपचार जैसे चर्म रोग थायराईड, लीवर, किडनी, पथरी, जोड़ों का दर्द शुगर, बवासीर, लकवा, माइग्रेन, खून की कमी स्त्री रोग, साइटिका, एलर्जी, नसों की कमजोरी पेट रोग सभी प्रकार के पुराने व असाध्य रोगों का आयुर्वेदिक दवाई द्वारा किया जाता है साथ ही ज्योतिष विचार देखा जाता है **मोबाइल नंबर 8461886239** (RO-995)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.** (Ro-2741)

### Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है - दुर्ग अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे से थोड़ी ही दूरी पर, बिरेझर में मात्र 111/- फीट में फार्म हाऊस हेतु उपयुक्त** 11000 sqft. भूमी उपलब्ध। **मो. 9993135732.** (Ro-482)




### फार्म हाऊस/मकान

**बेचना है -** खरोरा से 9 किलोमीटर आगे भैंसा (बलौदा बाजार) में एक एकड़ सर्वसुविधायुक्त फार्म हाउस बेचना है चार स्टोर रूम, 1 BHK मकान चारों ओर बाउंड्री वॉल 45 डिसमिल तालाब, बोर वास्तविक खरीददार **संपर्क करें:- 8103731973.** (RO-2781)

### For Rent किराया

**किराये से देना है-** ग्राम- डगनिया, तह-गुंदरदेही (दुर्ग- बालोद मेन रोड) 4200 वर्गफीट में निर्मित गोडाउन किराए से देना है। **संपर्क : 89595-44444.** (Ro-493)

**किराये से देना है-** पंडित रवि शंकर यूनिवर्सिटी के पीछे डूमर तालाब 15000 वर्गफुट बिल्डिंग + पार्किंग कॉलेज, कोचिंग कॉर्पोरेट ऑफिस हेतु उपयुक्त पूर्व मे नर्सिंग कॉलेज, DDUGKY संचालित था **संपर्क करे:- 9926127770, 9827999244.** (RO-2780)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

सच्चाई है नहीं, विचार भी...
01 जनवरी 2022 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 400 | 500 | 460 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 350 | 450 | 450 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 335 | 385 | 410 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 530 | 650 | 640 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 440 | 490 | 530 | 195/- Sq cm |
| All CG | 800 | 920 | 910 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1080 | 1350 | 1220 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1350 | 1700 | 1600 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Buisness & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. TOWER & FINANCE AD (No Scheme)

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 400 /- 1 Sunday | 500 /- 1 Sunday |
| 700 /- 2 Sunday | 900 /- 2 Sunday |
| 900/- 3 Sunday | 1200/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 45000 | 72000 | 92000 |
| Bilai + Durg Edition | 40000 | 65000 | 85000 |
| Bilaspur City | 30000 | 50000 | 70000 |
| Raipur All Edition | 57000 | 90000 | 115000 |
| Bilaspur All Edition | 45000 | 75000 | 90000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें**
**62638-18152**

## Healthcare

**हेपाटाईटिस,एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या**

हेपाटाइटिस, हर्पिस, एवं एच.आई.वी. रोग अत्यंत घातक एवं खतरनाक वायरस हैं इसे किसी के कहने पर सुनी सुनाई अन्दाज से दवा खाकर समय की बर्बादी एवं जीवन से खिलवाड़ मत कीजिए , क्या आप गोली दवा ईलाज करके इस भ्रम में हैं कि रोग मुक्त हो गये अतः खून की जाँच कराएं तो पता चलेगा कि आप जड़ से रोग मुक्त हुए या नहीं । समझ में न आये तो स्वयं आकर मिले। स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) मे दाने छाले फून्सी, लाल होना फटना, जलन व दर्द योनि मे खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना मुँह में छाले, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना शरीर में खुजली होते हो तो यह हर्पिस रोग होने की संभावना है । **यौन समस्या :** इन्द्रीय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुनजन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथा स्ट्रेक्चर अर्थात (पेशाब में रुकावट बूंद बूंद या नहीं उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ध्यान रहें उपरोक्त बीमारियों का स्थाई ईलाज केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही है।

बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. बी. के. अग्रवाल
(बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303948500, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

**गुप्त रोगी स्वयं मिले**



**शादी से घबराहट गुप्त रोग**
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

**मशीनों द्वारा जांच**
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज

संपर्क **डॉ. अहमद**
**जे.जे. हॉस्पिटल**
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने, बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन : सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
**9098889899**

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
**08116592844**

## खबर संक्षेप



### ध्वजवाहक चुने जाने पर हैरानी हुई थी

**नई दिल्ली।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने शुक्रवार को कहा पेरिस ओलंपिक के लिए जब उन्हें ध्वजवाहक चुना गया था तो वह हैरान हो गये थे। शरत से जब भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा कराई गई 'वर्चुअल' में पूछा गया कि जब ध्वजवाहक की घोषणा हुई तो उन्हें कैसे लगा। इस पर उन्होंने कहा, 'मैं हैरान था। मैं राष्ट्रमंडल खेलों में ध्वजवाहक बना हूं जो बहुत ही गर्व का पल होता है। लेकिन पेरिस ओलंपिक के लिए यह जिम्मेदारी दिया जाना थोड़ा हैरानी भरा था क्योंकि इसमें ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा भी हैं जो पदक के दावेदार हैं।'

### यूरोप में दो महीने की ट्रेनिंग करेंगे नीरज

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने गुरुवार को मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए



यूरोप में 60 दिन की ट्रेनिंग लेने की योजना को मंजूरी दे दी जिसमें उनके साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो ईशान मारवाह भी होंगे। खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई ने एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट के हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले अंतरराष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया।

### रथिका हांगकांग चैलेंज स्क्वाश के क्वार्टर में हारी

**नई दिल्ली।** भारत की रथिका सुथांथीरा हांगकांग पीएसए चैलेंज कप स्क्वाश प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की तीसरी



वरीयता प्राप्त सेहवीत्रा कुमार से हार गईं। छठी वरीयता प्राप्त रथिका ने पिछले सप्ताहांत इंदौर में एचसीएल स्क्वाश टूर में अपना पहला पेशेवर स्क्वाश एसोसिएशन टूर खिताब जीता था, लेकिन अपने इस प्रदर्शन को वह यहां नहीं दोहरा पाई। इस भारतीय खिलाड़ी को अपने से अधिक रैंकिंग की मलेशियाई खिलाड़ी से 11-6, 11-8, 11-6 से हार का सामना करना पड़ा।

### प्रणव, दिव्या करेंगे भारत की अगुवाई

**गांधीनगर।** अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा, भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रणव आनंद



और अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख शनिवार को यहां शुरू होने वाली फिडे विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के बड़े दावेदार होंगे। चौदह जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 46 देशों के 230 खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें कई ग्रैंडमास्टर है। गुजरात राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित की जा रही चैंपियनशिप का उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना और युवा प्रतिभाओं को अपनी चमक बिखरने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।

### भारत दौरे पर द.अफ्रीका की कप्तानी करेंगी लौरा

**जोहानिसबर्ग।** शीर्ष क्रम की बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड को 16 जून से शुरू हो रहे भारत दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट और



वनडे टीमों का कप्तान नियुक्त किया गया। यह दौरा बेंगलुरु में तीन वनडे मैच से शुरू होगा। इसके बाद मेहमान टीम चेन्नई में एकमात्र टेस्ट और टी20 मैच खेलेगी जिनके लिए टीम की घोषणा बाद में की जायेगी। दक्षिण अफ्रीका अनुभवी लौरा गुडॉल, क्लो ट्रायन और अयांडा हलुबी के बिना खेलेगी क्योंकि ये तीनों अभी चोट से उबर रही हैं।

# टी20 विश्व कप : भारत का अभ्यास मैच आज, बांग्लादेशी टीम के खिलाफ खुद को परखने का मिलेगा बड़ा मौका

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

भारतीय टीम टी20 विश्व कप में पांच जून को होने वाले अपने शुरुआती मुकाबले से पहले शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच के लिए मैदान पर उतरेगी। इस मैच में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बल्ले से प्रभावी योगदान देकर अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे तो वहीं अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का साथी बनने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस टीम के सभी 15 खिलाड़ी अपनी-अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी के नियमित एकादश के सदस्य हैं। इनमें से किसी भी खिलाड़ी को प्रतिभा के मामले में कम नहीं आंका जा सकता लेकिन विश्व कप के 13 साल के सूखे को खत्म करने के लिए टीम की सबसे बड़ी चुनौती सही संयोजन को ढूंढने की होगी।

### टूर्नामेंट का आगाज कल, अमेरिका-कनाडा के बीच होगा पहला मुकाबला

#### कोहली भारतीय टीम से जुड़े

भारत के प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम के अन्य सदस्यों के पांच दिन बाद शुक्रवार को यहां पहुंचे, लेकिन शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ उनके अभ्यास मैच खेलने पर संशय है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक वरिष्ठ सूत्र ने उनके आगमन की पुष्टि करते हुए कहा, 'विराट कोहली ने टीम होटल में पहुंच गए हैं और लंबी उड़ान के बाद वह आराम करेंगे।'



#### यशस्वी हो सकते हैं बाहर, दुबे को मिलेगा मौका !





कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दो ऐसे क्षेत्र है जहां विवेकपूर्ण निर्णय लेने की आवश्यकता होगी। यशस्वी जायसवाल के लय में होने के बाद भी एकादश में जगह देना एक मुद्दा होगा क्योंकि इससे शिवम दुबे जैसे पावर-हिटर को बाहर बैठना पड़ सकता है। पहले से माना जा रहा है कि जायसवाल को बाहर बैठना पड़ सकता है क्योंकि इससे न केवल विराट कोहली और रोहित शर्मा को पारी का आगाज करने का मौका मिलेगा बल्कि आखिरी ओवरों में सहजता से बड़े शॉट खेलने वाले दुबे को एकादश में मौका मिलेगा।

#### गेंदबाजों को लेकर बढ़ी चिंता

भारत के लिए दूसरी शुरुआती समस्या जसप्रीत बुमराह के साथ तेज गेंदबाजी करने वाले को तय करना होगा। अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज दोनों आईपीएल अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं दिखे। ऐसे में हरफनमौला हार्दिक पंड्या का महत्व बढ़ जाता है। टीम को उनसे इस मामले में अपने कोटे के चार ओवर डालने की उम्मीद होगी। भारतीय टीम के सामने इस अभ्यास मैच में धीमी पिच पर शाकिब अल हसन और मेहदी हसन के साथ बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान से निपटने की चुनौती होगी।

#### पिच पर तेजी से ढलने की उम्मीद

यहां नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की तारीफ करते हुए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच से पूर्व उनकी टीम को पिच और हालात के अनुकूल ढलना होगा। अभ्यास मैच इसलिए भी अहम है क्योंकि भारत के मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 10.30 पर शुरू होंगे और आईपीएल में दिन रात के मैच खेलने के बाद अब खिलाड़ियों को दिन के मैचों की आदत डालनी होगी। रोहित ने कहा, 'हम हालात को समझने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हम यहां पहले खेले नहीं हैं। हम कोशिश यही करेंगे कि पांच जून को पहले मैच से पूर्व हालात के अनुकूल ढल सकें। मैदान और पिच का अनुभव लेने के साथ ही यहां लय भी पकड़ लेंगे।'

### वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को 35 रन से हराया




**पोर्ट आफ स्पेन।** निकोलस पूरन और रोवमैन पॉवेल के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही आस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच में 35 रन से हराया। आस्ट्रेलिया ने नामीबिया के साथ पहले अभ्यास मैच के बाद एक बार फिर नौ खिलाड़ियों को ही उतारा। चयनकर्ता जॉर्ज बेली और कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने फील्डिंग के दौरान ही पूरी टीम उतारी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने पूरन के 25 गेंद में 75 रन और कप्तान पॉवेल के 25 गेंद में 52 रन की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 257 रन बनाए। शेरफान रदरफोर्ड ने 18 गेंद में नाबाद 47 रन बनाए। जवाब में आस्ट्रेलियाई टीम सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी।

# फ्रेंच ओपन : बालाजी की रोलां गैरो में पहली जीत, युकी हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारतीय टेनिस खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी ने शुक्रवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम में अपनी पहली जीत दर्ज की लेकिन युकी भांबरी पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। बालाजी ने मेक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वारेला मार्टिनेज के साथ मिलकर अमेरिका के रीस स्टेल्डर और नीदरलैंड के सेम वर्बीक पर 6-3 6-4 से जीत हासिल की। बालाजी ने धीरे धीरे युगल खिलाड़ी के तौर पर शानदार प्रगति की है।

हार के बावजूद युकी ने अपने आल राउंड खेल, बेसलाइन से शॉट हिट करने की काबिलियत और अच्छी सर्विस से प्रभाव डाला। लेकिन उनकी और ओलिवेटी की जोड़ी को पहले दौर में आस्ट्रेलिया के जॉन पीयर्स और रूस के रोमन सफीउलीन से 3-6 6-7(5) से हार मिली। बोपन्ना स्टैंड से युकी का मैच देख रहे थे और अपने लिए बेहतर जोड़ीदार का आकलन कर रहे होंगे। शनिवार को भारत के शीर्ष खिलाड़ी बोपन्ना और सुमित नागल पुरुष युगल के पहले दौर में आमने सामने होंगे।



#### अजारेंका, टियाफो बाहर

रूस की 17 वर्ष की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां 19वीं वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। 2017 की चैंपियन और यहां नौवीं वरीय येलेना ओस्टापेंको को क्लारा टॉसन ने 7-6 (4), 4-6, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस टूर्नामेंट में 11वीं वरीयता प्राप्त डेनियल कोलिन्स सर्बियाई क्वालीफायर ओल्गा डैनिलोविच से 6-7 (3), 7-5, 6-4 से हार गईं।

#### रुबलेव उलटफेर का शिकार, कोको गॉफ चौथे दौर में

छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को पुरुष एकल के तीसरे दौर में मातियो अर्नाल्डी से हारकर उलटफेर का सामना करना पड़ा। रुबलेव को 35वीं रैंकिंग पर काबिज अर्नाल्डी से 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा जिसमें उन्होंने 37 'अनफोर्स्ड' और चार डबल फॉल्ट किए। रुबलेव इस महीने मैड्रिड ओपन जीतकर फ्रेंच ओपन में दावेदार के तौर पर उतरे थे। दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने पावेल कोतोव को 6-4, 6-4, 6-4 से शिकस्त दी। महिलाओं के वर्ग में कोको गॉफ ने डायना यास्त्रेमस्का पर 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। पीटन स्टर्न्स ने 10वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसात्किना को 7-5, 6-2 हराया।

### भारतीय महिला टीम उज्बेकिस्तान से हारी



**ताशंकद।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां पहले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में उज्बेकिस्तान से दूसरे हाफ में लगातार तीन गोल गंवाकर 0-3 से हार गई। पहले हाफ में कोई गोल नहीं हुआ लेकिन दूसरे हाफ में मेजबान टीम के लिए खाबिबुलाएवा देवरा ने हैट्रिक गोल दाग दिए। पहले हाफ में भारतीय टीम ने रक्षण में अच्छा प्रदर्शन किया और उज्बेकिस्तान की स्ट्राइकरों को गोल से दूर रखकर सुनिश्चित किया कि कोई गोल नहीं हो। लेकिन दूसरे हाफ में ऐसा नहीं हुआ। अब दोनों टीमों के बीच दूसरा मैत्री मैच चार जून को खेला जाएगा।

## त्रिसा और गायत्री की जोड़ी ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

सिंगापुर ओपन





एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की उभरती हुई भारतीय महिला जोड़ी ने सिंगापुर ओपन बैडमिंटन में उलटफेर जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया की किम सो योंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को शिकस्त दी।

गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए एक घंटे 19 मिनट तक चले रोमांचक मैराथन मुकाबले को 18-21, 21-19 24-22 से अपने नाम किया। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री ने इससे पहले अंतिम-16 दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की दक्षिण कोरियाई टीम बाएक हा ना और ली सो ही को शिकस्त दी थी।

इस 'बीडब्ल्यूएफ सुपर 750' स्तर की स्पर्धा के खिताबी दौड़ भारत के लिए सिर्फ त्रिसा और गायत्री को जोड़ी ही बची है। भारतीय जोड़ी के सामने शनिवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की जापान की जोड़ी की चुनौती होगी।

## आज तैयारियों को पुख्ता करने उतरेंगे भारतीय निशानेबाज

एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

भारतीय निशानेबाज पेरिस ओलंपिक से पहले शनिवार से यहां शुरू होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप (पिस्टल/राइफल) में अपनी तैयारियों को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेंगे। भारत के कई निशानेबाजों ने हाल में नई दिल्ली और भोपाल में लगभग एक महीने तक चले ट्रायल्स में भाग लिया था और वे ओलंपिक की तैयारी करने के लिए इस विश्व कप में नहीं खेलना चाहते थे।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने विश्व कप में भाग लेना अनिवार्य कर दिया है और ऐसे में पिस्टल और राइफल निशानेबाज इस प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए अपनी तैयारी को परखना चाहेंगे। ऐसे समय में



जबकि कई अन्य देशों ने पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है तब भारत अभी तक अपनी टीम की घोषणा नहीं कर पाया है। यह वास्तव में अजीबो गरीब है क्योंकि निशानेबाजों को लय हासिल करने में समय लगता है।

### ओमान के खिलाफ गेंदबाजी नहीं करेंगे मिचेल मार्श

**बारबडोस।** आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने शुक्रवार को कहा कि कप्तान मिचेल मार्श ओमान के खिलाफ छह जून को टी20 विश्व कप के पहले मैच में





गेंदबाजी नहीं करेंगे और सिर्फ बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे। आईपीएल के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट का शिकार हुए मार्श ने नामीबिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों अभ्यास मैच खेलकर क्रमशः 18 और चार रन बनाए। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'उसने अभ्यास मैच खुद को परखने के लिए खेला। दूसरे अभ्यास मैच में उसने ज्यादा देर फील्डिंग की जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। वह पहला मैच खेलेगा लेकिन गेंदबाजी नहीं करेगा।'

## नॉर्वे शतरंज : वैशाली ने क्रैमलिंग को हराया, आर प्रज्ञानानंदा हारे

एजेंसी ▶▶| स्टवांगर

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने स्वीडन की अनुभवी ग्रैंडमास्टर पिया क्रैमलिंग को हराकर नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, लेकिन उनके भाई आर प्रज्ञानानंदा चौथे दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से हार गए।

वैशाली की क्लासिकल वर्ग में यह दूसरी जीत है और उन्होंने 2.5 अंक की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। इस भारतीय खिलाड़ी के कुल 8.5 अंक हो गए हैं। उनके बाद महिला विश्व चैंपियन चीन की वेनजुन जू और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। पुरुष वर्ग में विश्व





के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी फैबियानो कारूआना के को हराया। पुरुष वर्ग में इस दिन सभी मैच का परिणाम निकला। भारतीय स्टार प्रज्ञानानंदा को जहां नाकामुरा से हार का सामना करना पड़ा वहीं फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा ने चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लीरेन को हराया। इस 1,61,000 डालर इनामी इस प्रतियोगिता में चौथे दौर के बाद नाकामुरा सात अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। वह अलीरेजा से आधा अंक आगे हैं।

### मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे

# निशांत देव ने कटाया पेरिस ओलंपिक का टिकट

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

*निशांत देव (71 किग्रा) शुक्रवार को यहां मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस में होने वाले खेलों का कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पिछले क्वालीफायर्स में मामूली अंतर से ओलंपिक का टिकट कटाने से चुके निशांत ने क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराकर कोटा हासिल किया। भारत ने इस तरह से मुक्केबाजी में ओलंपिक के लिए चौथा कोटा स्थान हासिल किया। निशांत से पहले महिला*





*मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीत पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का कर चुकी हैं। पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में पांच कोटा स्थान दांव पर लगे थे और इस तरह से निशांत ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान पक्का किया।*

#### पंघाल और सिवाच कोटा से एक जीत दूर

अमित पंघाल (51 किग्रा) और सचिन सिवाच (57 किग्रा) भी अपने-अपने वर्ग में पेरिस कोटा के काफी करीब पहुंच गए हैं। शाम के सत्र में पंघाल ने प्री-क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम इंकयू को हराया। विश्व चैंपियनशिप 2019 के रजत पदक विजेता अब ओलंपिक कोटा जीतने से एक जीत दूर हैं। सिवाच भी क्वार्टर फाइनल में 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता फ्रांस के मुक्केबाज सैमुअल किस्टोहुर्री पर 4-1 की प्रभावशाली जीत के साथ ओलंपिक टिकट के करीब पहुंच गए। 57 किग्रा भार वर्ग में सिर्फ एक कोटा स्थान है ऐसे में सिवाच को एक और मुकाबला जीतना होगा।

#### विश्व मुक्केबाजी से जुड़ा भारत

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने शुक्रवार को निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ से नाता तोड़ लिया और ओलंपिक में खेल के भविष्य को लेकर खतरे से निपटने के लिये विश्व मुक्केबाजी से जुड़ गया। लेकिन बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि महासंघ ने खुद को निलंबित आईबीए से अलग नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महीनों पहले चेताया था कि अगर राष्ट्रीय महासंघ अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ से जुड़े रहे तो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है।

## टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे लामिछाने





एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल के शीर्ष लेग स्पिनर संदीप लामिछाने टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि ने अमेरिका ने दूसरी बार उनके वीजा आवेदन को नामंजूर कर दिया। अमेरिका ने पिछले सप्ताह उनका वीजा आवेदन नामंजूर कर दिया था। इसके बाद नेपाल सरकार और नेपाल क्रिकेट संघ ने दोबारा आवेदन किया था।

नेपाल क्रिकेट संघ ने बयान ने कहा, 'आवश्यक पहल करने के बावजूद अमेरिकी दूतावास ने राष्ट्रीय खिलाड़ी लामिछाने को वीजा देने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है।' लामिछाने को एक 18 वर्षीय युवती के साथ बलात्कार के आरोप में 2022 में गिरफ्तार किया गया था जिसके बाद नेपाल क्रिकेट संघ ने उन्हें निलंबित कर दिया था। लामिछाने को इस साल जनवरी में दोषी पाया गया था, लेकिन 'सबूतों के अभाव' में उन्हें बरी कर दिया गया और क्रिकेट संघ ने उन्हें फिर से क्रिकेट खेलने की अनुमति दे दी थी।

# लाखों की नौकरी छोड़ी, स्कूल से कटवाया बच्चों का नाम, अब यूं दुनिया घूम रही फैमिली

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

अगर आपसे पूछा जाए कि पढ़ाई करने की क्या वजह है? लोग क्यों प्रोफेशनल या फिर अच्छी खासी डिग्री हासिल करते हैं? यकीनन, ज्यादातर लोगों को जवाब बेहतर नौकरी और करियर ग्रोथ हासिल करना होगा. लेकिन ऐसा सबके लिए बिल्कुल नहीं होता है। आज हम आपको एक ऐसी फैमिली के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने लाखों की नौकरी छोड़ दी, ताकि वे दुनिया घूम सकें। दरअसल, छुट्टियों पर जाने के लिए अनुमति मांगने से तंग आ चुके इस दंपती ने अपनी कॉर्पोरेट जॉब छोड़ने का फैसला किया और दुनिया घूमने निकल पड़े। इन लोगों ने पूरे परिवार के लिए विश्व भर में पांच महीने की समुद्री यात्रा पर लगभग 56 लाख रुपए खर्च कर दिए।

### 5 महीने की यात्रा पूरी अगले सफर की तैयारी

कपल 5 महीने की यात्रा पूरी करने के बाद अब अपने अगले सफर की तैयारी में जुट चुका है। इस दिसंबर में, टिफनी और मार्क की योजना अमेरिका के इंडियाना के टेरे हाउते स्थित अपने घर से चेक गणराज्य के प्राग तक जाने की है, जहां वे क्रिसमस मार्केट देखेंगे। इसके बाद उनकी यात्रा आगे बढ़ेगी और फिर वे फ्रांस के मार्सिले जाएंगे, जहां से क्रूज रवाना होगा। टिफनी और मार्क ने क्रूज पर दो बेडरूम के लिए लगभग 56 लाख रुपए खर्च किए हैं। उनका कहना है कि इतनी लागत में जहाज पर रहने के अलावा भोजन और पेय पदार्थ भी मिलेंगे। रियल एस्टेट निवेशक मार्क ने कहा कि हम अपने विदेश भ्रमण की योजना को पूरा करने के लिए 12 महीने लगातार मेहनत करते हैं।

### कमाई 16 लाख महीना



### बच्चों को खुद पढ़ाते हैं घर पर

टिफनी ने कहा कि हमारी वर्क लाइफ संतुलित नहीं थी। कहीं भी घूमने जाने के लिए छुट्टियां लेने के लिए परमिशन लेनी पड़ती थी। बच्चों को भी स्कूल से छुट्टी नहीं मिल पाती थी। ऐसे में हमने नौकरी छोड़ी और बच्चों को स्कूल से निकाला, ताकि अपने सपने को पूरा कर सकें। हम बच्चों को खुद घर पर पढ़ाते हैं। लेकिन नौकरी छोड़ने के बाद पैसों की कमी हो जाती, ऐसे में इस कपल ने घर बेचने का काम शुरू किया।. पिछले 5 सालों में इन लोगों ने 50 घर बेच दिए। घर खरीदने वाले लोगों ने हमें अपने घरों को किराए पर देने की सुविधा भी दी, जिससे हमें अच्छी खासी कमाई होने लगी। इससे हम प्रति माह लगभग 16 लाख रुपए कमा लेते हैं।

बता दें कि 38 वर्षीय टिफनी बेकर और उनके 40 वर्षीय पति मार्क फाइनेंस फील्ड से जुड़ी नौकरी करते थे। लेकिन इन लोगों ने अप्रैल 2019 में अपनी नौकरी को छोड़ लाइफ को अपने तरीके से जीने का फैसला किया। इन लोगों ने अपनी तीनों बेटियों को (9 वर्षीय गिउलेटा, 7 वर्षीय पेनेलोप और 6 वर्षीय डेलिया) स्कूल से निकाल लिया और अपनी जिंदगी के सबसे बड़े साहसिक सफर पर निकल पड़े। उनकी 5 महीने की ये यात्रा 21 देशों और 50 बंदरगाहों से होते हुए पूरी हुई, जिनमें आस्ट्रेलिया, अफ्रीका, स्पेन और सिंगापुर भी शामिल थे। स्कूल से निकालने के बाद कपल ने अपने बच्चों को घर से ही पढ़ाने का फैसला किया। इतना ही नहीं, इन लोगों ने घर बैठे-बैठे काम करने का भी निर्णय लिया है।

---

हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## पैतृक संपत्ति में पिता की मौत के बाद पुत्री का बराबर का हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 की प्रत्येक धारा को परिभाषित करते हुए पति की आकस्मिक मौत के बाद अनाथ हुई मां बेटी को न्याय दिया है। कोर्ट ने मामले के अंतिम निराकरण तक पैतृक संपत्ति की कमाई से बेटी को 30 हजार रुपए भरण पोषण राशि देने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि भले ही नाबालिग ने आवेदन नहीं दिया था किन्तु वह पैतृक संपत्ति में हिस्सा प्राप्त करने की हकदार है। कोर्ट का यह आदेश उन सभी पीड़ितों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा, जिसमें पति की आकस्मिक मौत के बाद बेवा व उसके बच्चों को सम्पति से बेदखल किया जाता है।



दुर्ग निवासी सुनील मिश्रा की 30 जून 2011 को दुर्ग की ही नीता मिश्रा से शादी हुई थी। शादी के 4 वर्ष बाद अगस्त 2011 में पुत्री का जन्म हुआ। 2011 में ही पति सुनील मिश्रा की ब्रेन हैमरेज से मौत हो गई। पति की मौत के बाद ससुराल में उसके साथ दुर्व्यवहार होने लगा। बेवा, नाबालिग बेटी व स्वयं का कोई आश्रय नहीं होने पर उनका जुर्म सहती रही। अप्रैल 2019 में उसकी अनुपस्थिति में बेटी के साथ मारपीट की गई। उसने इसका प्रतिकार कर थाने में शिकायत की। इस पर ससुराल वालों ने उसे पिता के नाम का घर एवं गांव के घर व कृषि भूमि में अधिकार देने की बात कही लेकिन बाद में बेदखल कर दिया। इस पर बेवा ने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत नाबालिग बेटी को भरण पोषण राशि दिलाए जाने की मांग की। न्यायिक मजिस्ट्रेट दुर्ग ने आवेदन पर अंतरिम आदेश पारित करते हुए 5 हजार रुपए आवेदक की नाबालिग पुत्री को प्रति माह देने का आदेश दिया।

### पैतृक संपति से कमाई कर रहा परिवार

जिला कोर्ट के फैसले के खिलाफ मृतक सुनील मिश्रा के भाई अनिल मिश्रा व एक अन्य ने अपील की। अपील पर जस्टिस पीपी साहू की कोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के समक्ष यह बात आई कि बेवा का ससुर व सास पेंशनभोगी थे। गांव में उनके नाम पर 7 एकड़ कृषि भूमि व मकान है। उक्त पैतृक संपत्ति में पति की मौत के बाद उसकी पुत्री का बराबर का हक है। उक्त पैतृक संपत्ति पर अपीलकर्ताओं का कब्जा है, व इससे वे व्यवसाय कर कमाई कर रहे। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के आदेश को सही ठहराते हुए, पैतृक संपत्ति की कमाई में से 30 हजार रुपए पीड़िता की पुत्री को देने का आदेश दिया है।

### डाक्टरों की गवाही और मेडिकल रिपोर्ट से दुष्कर्म पीड़िता मासूम को न्याय मिला

**बिलासपुर।** घर से नाराज होकर मौसी के घर जाने निकली 12 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी की अपील को हाईकोर्ट ने खारिज कर ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ने मामले में मेडिकल रिपोर्ट एवं एफएसएल जांच रिपोर्ट के साथ ही डाक्टरों की गवाही को महत्वपूर्ण माना है। सरगुजा क्षेत्र में रहने वाली 12 वर्षीय मासूम किसी बात से नाराज होकर 15 सितंबर 2017 को घर से अपने मौसी के घर जाने निकली थी। रास्ते में विजय नगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज निवासी आरोपी मोहम्मद कोसर अंसारी पलटन घाट के पास उसे बलपूर्वक उठाकर जंगल के अंदर ले गया व जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया था।

---


# 6 लाख देकर चीखने-चिल्लाने आती हैं महिलाएं

*क्रोध और गुस्सा किसी के लिए भी ठीक नहीं है। इसे रोकने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। मेडिटेशन से लेकर योगा तक करके मन को शांत रखते हैं। लेकिन क्या गुस्सा कम करने का कोई अनुष्ठान भी हो सकता है? चौंकिए मत! ऐसा हो रहा है। अमेरिका और यूरोपीय देशों में आजकल क्रोध एक नया ट्रेंड है। बीच जंगल में पार्टी आयोजित की जाती है। जहां गुस्से से भरी महिलाएं जाती हैं और चीखकर- चिल्लाकर अपना गुस्सा उतारती हैं। तोड़फोड़ करती हैं। खूब शोर मचाती हैं, ताकि गुस्सा उतर जाए। ऐसी पार्टियों में शामिल होने के लिए महिलाएं 5 से 6 लाख रुपए तक चुका रही हैं।*

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में इन दिनों ऐसी पार्टियों का आयोजन हो रही हैं। साइबर सिक्योरिटी इंजीनियर मिया बैंडुची ने कहा, अक्सर ऐसी पार्टियां जंगल के बीच में आयोजित की जाती हैं।जहां महिलाओं को अपने गुस्से के इजहार करने का मौका मिलता है। हम बताना चाहते हैं कि लोग गुस्सा न करें, अग्रेसिव न हों। यह बेहद खतरनाक है। पुरुषों के लिए रोना बहुत जरूरी है, क्योंकि किसी भी हालात में उनके आंसू नहीं आते। वे परेशान करते हैं। इसी तरह महिलाओं का गुस्सा निकलना आवश्यक है।

### गुस्सा कम करने यूरोपीय देशों में चल रहा नया ट्रेंड



### ऐसी पार्टियों में लोग करते क्या हैं?

यहां महिलाएं जितनी देर तक हो सकता है, चिल्लाती हैं। गुस्सा करती हैं। जो मन में आए उसे तोड़ती हैं, फोड़ती हैं। जमीन पर लाठियां पटकती हैं। ताकि किसी तरह से उनके अंदर का अग्रेशन बाहर निकल जाए। उनका मन शांत हो जाए। एक बार ये प्रक्रिया हो जाती है, तो वे काफी रिलैक्स फील करती हैं। यही वजह है कि ऐसी पार्टियों की डिमांड बढ़ रही है। बैंडुची ने बीते वर्षों में ऐसे कई आयोजन किए हैं। बैंडुची ही नहीं, जेसिका रिचेट्टी जैसी तमाम महिलाएं भी ऐसी पार्टियां आयोजित कर रही हैं।

### गुस्सा दिलाया जाता ताकि वे तोड़फोड़ करें

ऐसी पार्टियों के लिया बाकायदा वैन्यू बनाए गए हैं। जहां रातभर रुकने के लिए कमरे भी बने हैं। कई पार्टियों में शामिल होने के लिए महिला 7000 डॉलर से 8000 डॉलर यानी लगभग 6 लाख रुपए तक चुका रही हैं। यहां आने वाली महिलाओं को उकसाया जाता है। उन्हें याद दिलाया जाता है कि कब उनके साथ अन्याय हुआ। उन्हें उस वक्त का माहौल याद करने को कहा जाता है। गुस्सा दिलाया जाता है। ऐसी ही एक पार्टी में शामिल रही किम्बर्ली हेल्मस इसे चमत्कारिक बताती हैं। उन्होंने कहा, ऐसी कोई जगह नहीं है जहां आप महिलाओं को इस तरह गुस्सा करते हुए देख सकें। यह सिर्फ हार्मोनल चेंजेज के लिए है। मुझे तो इससे काफी शांति मिली। मशहूर डॉक्टर आर्थर जानोव इसे मेडिकल साइंस बताते हैं। उन्होंने कहा, जब लोग ऐसा करते हैं और खुद को अपने गुस्से को बाहर निकालने की अनुमति देते हैं, तो उनकी खुशी की क्षमता वास्तव में बढ़ जाती है।



---

## आर्य समाज में की गई शादी मान्य है या नहीं, परिवार न्यायालय करेगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट के समक्ष ऐसा मामला आया है, जिसमें किसी लड़की से शादी का झांसा देकर प्रेम किया व अन्य से शादी करने सगाई कर ली। प्रेमिका को इसकी जानकारी होने पर उसने पुलिस से शिकायत की। शिकायत के बाद प्रेमी ने जेल जाने से बचने प्रेमिका से आर्य समाज में विवाह किया। कुछ दिन बाद प्रेमी व उसके परिवार वालों ने पत्नी को मायके में रहने मजबूर किया। पति से अलग होने पर पत्नी ने हिन्दू मैरिज एक्ट के तहत धारा 125 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर पति से भरण पोषण राशि दिलाने की मांग की। परिवार न्यायालय ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए पति को 2000 रुपए प्रतिमाह भरण पोषण राशि देने का आदेश दिया। इस आदेश के खिलाफ पति ने हाईकोर्ट में अपील की। दूसरी ओर पत्नी ने भी भरण पोषण राशि 15000 रुपए करने याचिका पेश की। पत्नी ने याचिका में कहा कि पति ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय कर प्रति माह 50000 रुपए कमाता है।

**जेल जाने से बचने युवक ने आर्य समाज में युवती से किया था विवाह**

### मामला हिंदू मैरिज एक्ट का है या नहीं

मामले में पति ने कहा कि वह प्राइवेट काम कर प्रति माह 10000 रुपए कमाता है। इसके अलावा मामला हिन्दू मैरिज एक्ट का नहीं बनता है क्योंकि आर्य समाज में किया गया विवाह मान्य नहीं है। इस आधार पर परिवार न्यायालय के अंतरिम आदेश को निरस्त करने की मांग की गई। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पति को मामले में अंतिम निर्णय आने तक 2000 रुपए प्रति माह भरण पोषण व्यय देने का निर्देश दिया है।

---

16 तरह की बीमारियों का किया जा रहा मुफ्त में उपचार

## बटालियन हेड हिड़मा के गांव पूवर्ती में सीआरपीएफ ने शुरू किया आरोग्यधाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के धूर नक्सल प्रभावित इलाका व नक्सलियों के पीएलजीए हेड व डीकेएसजेडसी मेंबर हिड़मा के गांव पूवर्ती में जिला प्रशासन की मदद से सीआरपीएफ ने आरोग्यधाम शुरू किया है। यहां ग्रामीणों का 16 तरह की बीमारियों का मुफ्त में उपचार किया जा रहा है। गांव में ही स्वास्थ्य सुविधा मुहैया होने के बाद ग्रामीण इसका लाभ उठा रहे है।

गौरतलब है कि धूर नक्सल प्रभावित इलाकों में समय पर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलने से मौत का मामला अक्सर देखने को मिलता रहता है। ऐसे में पूवर्ती जैसे धूर नक्सल प्रभावित इलाके में अस्पताल शुरू होने से पूवर्ती और आस-पास नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को मुफ्त में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल रहा हैं। हाल ही में जिला प्रशासन के सहयोग से यहां आरोग्यधाम शुरू किया गया है, जहां 16 प्रकार की बीमारियों का फ्री में उपचार शुरू किया गया है। पूवर्ती में जिला प्रशासन सुकमा के सहयोग से सीआरपीएफ ने फिल्ड अस्पताल आरोग्यधाम में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की तरह उत्तम दर्जे का निशुल्क जांच उपचार एवं दवाइयों की 24 घंटे सुविधा उपलब्ध है। हॉस्पिटल में आधुनिक मेडिकल उपकरणों से लैस एम्बुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध है ताकि गंभीर स्थिति में भी मरीजों को लाइफ सपोर्ट सिस्टम के साथ सुरक्षित हायर सेंटर रेफर किया जा सके।

### ग्रामीण मुफ्त उपचार का उठा रहे लाभ




### कैंप खुलने के बाद मिली राहत

ग्राम पूवर्ती माओवादियों के हार्डकोर नक्सली हिड़मा का पैतृक गांव हैं। पूवर्ती व आस-पास का क्षेत्र लम्बे समय से नक्सलियों का गढ़ रहा है. नक्सली भय के कारण सरकार की किसी भी योजनाओं का लाभ यहां के ग्रामीण नहीं ले पा रहे थे। आए दिन नक्सलियों द्वारा क्षेत्र में ग्रामीणों पर प्रतिबंध लगाए जाने से ग्रामीण इलाज के लिए सामुदायिक केन्द्र भी नहीं जा पाते थे। कुछ समय पूर्व ही पूवर्ती को सुरक्षाबलों ने पूवर्ती में नया कैंप स्थापित किया है। जिसके बाद से शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को गांव में ही मिलने लगी है।

### आरोग्यधाम में मिलेंगी ये सुविधाएं

सीआरपीएफ के इस आरोग्यधाम में एचबी, एफबीएस/पीपीबीएस/आरबीएस, लिपिड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, यूरिन रूटीन टेस्ट, मलेरिया कार्ड टेस्ट, डेंगू किट टेस्ट, टाईफाईड किट टेस्ट,संपूर्ण रक्त का थक्का जमने का परीक्षण (सांप के काटने पर), ईसीजी, ऑक्सीजन कंसट्रेटर, सिलेंडर और मास्क, डिफाइब्रिलेटर, बीएलएस/एसीएलएस एम्बुलेंस व एम्बू बैग की सुविधाएं मिलेंगी।

---

## पक्षी है या मौसम विभाग! अंडों से होती है बारिश की भविष्यवाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पर्यावरण को शुद्ध बनाने वाले हर पक्षी की अपनी एक अगल विशेषता होती हैं। ऐसा ही एक पक्षी टिटहरी है, जिसे आम भाषा मे टटाटिबली के नाम से भी जाना जाता है। इस पक्षी को भगवान ने ऐसा करिश्मा दिया है, जो अपने अंडों के जरिए अच्छे मानसून का संकेत देती हैं। भरतपुर के ग्रामीण इलाके में इस पक्षी को टिटहरी व पश्चिमी राजस्थान में इसे टिटूड़ी एवं टटाटिबली कहते हैं।

भरतपुर के ग्रामीण लोग बताते हैं कि यह मादा अगर 6 अंडे देती है, तो अच्छी पैदावार व बरसात की उम्मीद बन जाती हैं। खुले घास के मैदान, छोटे-मोटे पत्थरों, सूनी हवेलियों व सूनी छतों पर बसेरा करने वाली टिटहरी अप्रैल से जून माह के प्रथम सप्ताह तक करीब 4 से 6 अंडे देती हैं, जिनसे मानसून का पता लगाया जाता हैं। ग्रामीणों और बुजुर्गों का मानना कि जब टिटहरी अंडे देती है, तो इसके कुछ दिन बाद ही बरसात आने की संभावना बन जाती हैं।



### कई प्रकार की निकालती हैं आवाज

गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि इस पक्षी के अंडे देने के बाद लगभग 18 से 20 दिनों बाद इनमें से बच्चे बाहर निकल जाते हैं। टिटहरी के बच्चों के पैरों का रंग सामान्य तौर पर लाल होता हैं। बाद में धीरे-धीरे बड़े होने के साथ यह रंग पीला होता जाता हैं। इनके अंडे भूरे-काले धब्बेदार होते हैं। ये कीट-पतंगे खाकर अपना भरण-पोषण करते हैं। मौसम का अंदाजा बताने वाली टिटहरी कई प्रकार की आवाजें निकालती हैं। इसकी आवाज से यह पता लगता है कि या तो मौसम बदलने वाला है या फिर कोई जानवर या पक्षी आने वाला हैं। टिटहरी लगभग दिनभर डीड ही टू इट डीड ही टू इट की आवाज निकालती हैं।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स-फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

### हरिभूमि माह मई 2024 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 31 दिन | 5.00 | 155.00 |
| | कुल | 155.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक मई 2024 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक

---

# शख्स ने खरीदी 100 साल पुरानी किताब कीमत इतनी कि मिल जाए आलीशान बंगला

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

बहुत से लोगों को किताबें पढ़ने का इतना शौक होता है कि अगर उन्हें कोई किताब पसंद आ जाए, तो फिर वो उसे झट से खरीद लेते हैं, उसकी कीमत तक पर ध्यान नहीं देते। पर कभी-कभी कीमत पर ध्यान देना पड़ जाता है, अगर वो किताब करोड़ों की हो! हाल ही में एक बिजनेसमैन को जब 100 साल पुरानी किताब ऑनलाइन बिकती नजर आई, तो उसने तय किया कि वो उस दुर्लभ किताब को खरीद लेगा। पर उस 1 किताब को खरीदने के लिए उसने जितने रुपए दिए हैं, उतने में आदमी एक आलीशान बंगला खरीद सकता है।



डेली स्टार न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के इडाहो में रहने वाले 44 साल के रसेल ब्रनसन एक बिजनेसमैन हैं। उन्हें ई-बे पर एक किताब दिखी। किताब का नाम था द लॉ ऑफ सक्सेस । ये किताब अमेरिकी लेखक नेपोलियन द्वारा 1925 में लिखी गई थी। करीब 100 साल पुरानी इस किताब का पहला एडिशन, जिसपर नेपोलियन का साइन था, ऑनलाइन बिक रहा था। ये देखकर रसेल का मन हो गया कि वो उस किताब को खरीद लें। किताब की कीमत 1.5 मिलियन डॉलर (11 करोड़ रुपए से ज्यादा) थी।

### प्राइवेट प्लेन से घर लाया

अक्टूबर 2020 में 5 बच्चों के पिता रसेल को जब ये पता चला कि वो बुक जीत गए हैं, साथ ही नेपोलियन हिल की लिखी अन्य किताबों के कलेक्शन को भी उन्होंने जीता है, तो वो खुशी से झूमने लगे। इन सारी चीजों के लिए उन्होंने कुल 18 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि वो इस किताब को धूल से बचाना चाहते थे, इस वजह से वो इसे एक प्राइवेट प्लेन में लेकर घर आए। रसेल ने बताया कि ये किताब उनके जीवन की सबसे महंगी चीज है जिसे उन्होंने खरीदा है।

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल
॥ हर एक जीवन अनमोल ॥
श्वास, छाती व फेफड़ा रोग विभाग



यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो अवश्य जांच करावें
• खांसी व कफ • खांसी में खून
• बार बार सर्दी जुकाम व छिक आना
• सीने में दर्द एवं जलन
• श्वांस में तकलीफ व श्वांस फूलना
• श्वांस लेते समय सीटी जैसी आवाज होना
• सीने में पानी या खून भरना
• गले में गठान व गील्टी • सोते समय खर्राटे
• धुम्रपान से नशा मुक्ति • दमा / अस्थमा, एलर्जी
• निमोनिया • टी. बी. • फेफड़े का कैंसर
• इस्नोफिलिया • इन्फ्लूएंजा एवं कोविड



Dr. RANJAN PATEL
MD (Chest Medicine)
Khanna
न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4222999
हेल्पलाइन नं.: 7880003497

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com